26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 29 सितम्बर, 2026

अंक- 336 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## संभल हिंसा मामला : यूपी सरकार पर 10 लाख का जुर्माना

### आरोपी मुल्ला अफरोज पर लगा एनएसए सुप्रीम कोर्ट ने किया रद्द

**नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** सुप्रीम कोर्ट ने आज एक अहम फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि किसी आरोपी के कबूलनामे के आधार पर उसे नेशनल सिक्योरिटी एक्ट (एनएसए) के तहत हिरासत में नहीं रखा जा सकता। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस शील नागू की बेंच ने मुल्ला अफरोज की प्रिवेंटिव डिटेंशन (एहतियाती हिरासत) को रद्द करते हुए यह फैसला सुनाया। उत्तर प्रदेश पुलिस ने संभल में 2024 की सांप्रदायिक हिंसा में कथित भूमिका के लिए अक्टूबर 2025 में मुल्ला अफरोज के खिलाफ सख्त नेशनल सिक्योरिटी एक्ट (एनएसए) लगाया था।

### क्या है पूरा मामला ?

संभल में नवंबर 2024 में तनाव तब बढ़ गया, जब वहां शाही जामा मस्जिद का कोर्ट के आदेश पर सर्वे किया जा रहा था। यह सर्वे इस दावे के बाद किया जा रहा था कि उस जगह पर पहले हरिहर मंदिर हुआ करता था। 24 नवंबर को सर्वे के दूसरे दौर के दौरान, विरोध कर रहे स्थानीय लोगों की सुरक्षा कर्मियों के साथ झड़प हो गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए।

# नीरू ने महिला ट्रैप स्पर्धा में जीता स्वर्ण पदक

**आइची-नागोया (जापान) (एजेंसी/चिंगारी)।** भारतीय निशानेबाज नीरू ढांडा ने एशियाई खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए महिलाओं की व्यक्तिगत ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। यह एशियाई खेलों में भारत का पांचवां स्वर्ण पदक है।

आज यहां फाइनल में नीरू ढांडा ने महिलाओं की ट्रैप व्यक्तिगत स्पर्धा में 28 का स्कोर करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया है। यह उनका इन खेलों में दूसरा पदक है। इससे पहले दिन में सुबह के सत्र में उन्होंने महिला ट्रैप टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता था।

उन्होंने दूसरे राउंड में सिर्फ एक बार शॉट मिस किया, और उसके बाद भी केवल एक बार ही चूकीं, तब तक वह अपने शानदार शॉट्स के दम पर गोल्ड मेडल लगभग जीत चुकी थीं। चीन की सन युनोंग 26 के स्कोर के साथ रजत पदक जीता। कुवैत की हाजर अब्दुल मलिक को 21 स्कोर पर कांस्य पदक मिला। इससे पहले दिन में नीरू ढांडा, आशीमा अहलावत और मनीषा कीर ने महिलाओं के ट्रैप टीम स्पर्धा में 328 अंकों के साथ रजत पदक जीता। चीन ने 346 अंक के साथ स्वर्ण और कुवैत ने 325 अंक के साथ कांस्य पदक अपने नाम किया। नीरू ढांडा क्वालिफिकेशन राउंड में 118 अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर रहीं और व्यक्तिगत फाइनल के लिए क्वालिफ़ाई किया था। आशीमा अहलावत और मनीषा कीर क्रमश: 106 और 104 अंक ही बना पाईं और फाइनल में जगह नहीं बना सकीं।



### भारतीय मुक्केबाज अंकुश और परवीन मुक्केबाजी स्पर्धा फाइनल में

**भारतीय मुक्केबाज अंकुश पंघाल ने आज एशियाई खेलों के पुरुषों के 80 किग्रा भारवर्ग के सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान के मौजूदा विश्व चैंपियन फ़ज़लीद्दीन एर्किनबोएव को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं महिला वर्ग में परवीन ने 65 किग्रा भार वर्ग में चीन की ली शू को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह पक्की की। आज यहां खेले गये सेमीफाइनल मुकाबले में अंकुश ने उज्बेकिस्तान के फजलीद्दीन को 4-1 से हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई। इससे पहले राउंड ऑफ 32 में अंकुश ने बहरीन के हम्सा वोगेल 5-0 से हराया था।**

## तेलंगाना सीएम बोले- राम अमीरों और शिव गरीबों के भगवान

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि शिव गरीबों और राम अमीरों के भगवान हैं। उन्होंने भाजपा को अमीरों की पार्टी भी बताया। कहा कि भाजपा ने भगवान राम को अपने राजनीतिक नैरेटिव से जोड़ लिया है। भाजपा ने राम को चुरा लिया है। सोमवार को दिल्ली में एक मीडिया सम्मेलन के दौरान उनसे पूछा गया कि कांग्रेस दक्षिण भारत में मजबूत है, लेकिन उत्तर, पूर्व और पश्चिम भारत में उसका प्रदर्शन उतना अच्छा क्यों नहीं रहा? रेवंत ने इसकी वजह धार्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव बताई। उन्होंने कहा कि हम द्रविड़ हैं, जबकि उत्तर भारत के लोग आर्य हैं। हम शिव के भक्त हैं और आर्य भगवान राम के भक्त हैं।

## गोल्डी बराड़ पर 10 करोड़ का इनाम



अमेरिकी जांच एजेंसी FBI ने गैंगस्टर सतिंदरजीत सिंह उर्फ गोल्डी बराड़ को टॉप 10 मोस्ट वॉन्टेड की सूची में शामिल किया है। बराड़ की जानकारी देने वाले को 10 लाख डॉलर (करीब 9.5 करोड़ रुपए) तक का इनाम देने की घोषणा की गई है। बराड़ को लॉरेंस ऑर्गनाइज्ड क्राइम ग्रुप का उत्तरी अमेरिका में प्रमुख ऑपरेशनल लीडर बताया गया है। लॉरेंस और गोल्डी बराड़ पर 2023 में खालिस्तानी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप है। इसी साल जुलाई में निज्जर की हत्या को लेकर अमेरिका ने पहली बार चार्जशीट दाखिल की थी।

## पूर्व आईएएस दिव्या मित्तल का राजनीति में आने का ऐलान

## बोलीं- जनता की आवाज बनूंगी



**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** पूर्व आईएएस अधिकारी दिव्या मित्तल ने राजनीति में उतरने का ऐलान किया है। हाल ही में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) लेने वाली मित्तल ने कहा कि वह किसी राजनीतिक दल के साथ नहीं, बल्कि जनता के साथ राजनीति करेंगी और लोगों की आवाज बनेंगी। दिव्या मित्तल ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में कहा, चलिए हिसाब मांगते हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति में आने का उनका उद्देश्य जनता से जुड़े सवालों को उठाना है। उन्होंने अपने संदेश में कहा, हिसाब चाहिए, न्याय चाहिए, डरना नहीं है। सुश्री मित्तल ने कहा कि उनकी राजनीतिक यात्रा की शुरुआत उत्तर प्रदेश से होगी। हालांकि, उन्होंने अभी यह स्पष्ट नहीं किया है कि वह किसी राजनीतिक दल में शामिल होंगी या स्वतंत्र रूप से राजनीतिक गतिविधियां करेंगी। दिव्या मित्तल उत्तर प्रदेश में प्रशासनिक सेवा के दौरान कई महत्वपूर्ण पदों पर रही हैं। वह मिर्जापुर और देवरिया समेत कई जिलों की जिलाधिकारी रह चुकी हैं। प्रशासनिक कार्यशैली और जनसरोकार से जुड़े मुद्दों को लेकर वह चर्चा में रही हैं। वीआरएस लेने के बाद उनके राजनीति में आने की अटकलें लगाई जा रही थीं। अब उनके ताजा ऐलान से इन अटकलों को विराम मिला है। उन्होंने अपने संदेश में जनता के साथ खड़े होकर राजनीति करने की बात कही है। सुश्री मित्तल के राजनीतिक पदार्पण के स्वरूप और आगे की रणनीति को लेकर अभी तस्वीर स्पष्ट नहीं है। यह भी देखना होगा कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में वह किस तरह की भूमिका तय करती हैं और उनके राजनीतिक अभियान का स्वरूप क्या रहता है।

बिना आप्रेशन/बिना चीड़-फाड़

बवासीर PILES भगन्दर FISTULA फिशर FISSURE



नोएडा-गुरुग्राम के प्रख्यात गुदा रोग विशेषज्ञ

डॉ. सुधांशु चौधरी

MS (Anorectal Surgeon)

अब

सप्ताह में दो दिन बिजनौर में

बृहस्पतिवार -बिजनौर

शुक्रवार - बास्टा



न शर्मायें, न छिपायें न करें घरेलू उपचार न जायें नीम हकीमों के द्वार मात्र 10 दिनों में पायें स्थायी समाधान

बिना भर्ती, शीघ्र रिकवरी के साथ इस तकनीक द्वारा यह रोग भविष्य में कभी नहीं होते।

किसी भी शंका के समाधान के लिये तुरन्त कॉल करें-

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

SUSHRUTA COLORECTAL CENTRE

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

# शिक्षिका का एआई से जनरेट फोटो शिक्षक के स्टेटस पर लगाने पर धरना

नजीबाबाद (चिंगारी)। एक महिला शिक्षिका का एआई जनरेट फोटो एक अध्यापक द्वारा अपने स्टेटस पर लगाने से आहत महिला शिक्षिका ने खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय पर पहुंचकर शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ सांकेतिक धरना दिया। नजीबाबाद विकास क्षेत्र की एक शिक्षिका ने 15 दिन पहले खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय को पत्र देकर आरोप लगाया था कि उनके प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक नरेश कुमार द्वारा उनका संयुक्त भ्रामक फोटो अपने व्हॉट्सअप स्टेटस पर लगाकर उनके आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाते हुए समाज में उनकी व उनके परिवार की छवि को धूमिल करने का कार्य किया गया। शिक्षिका का कहना है कि दो सप्ताह बाद भी उनके प्रार्थना पत्र पर उचित कार्रवाई न होने के कारण उन्हें न्याय के लिए भटकना पड़ रहा है। जिसके बाद पीड़ित शिक्षिका ने सोमवार को दोपहर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर अनेक शिक्षकों के साथ पहुंचकर सांकेतिक धरना दिया। महिला शिक्षिका का कहना है कि खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा उन्हें बार-बार फोन कर दबाव बनाते हुए प्रकरण को राजनीतिक रूप देना जैसी बात कही गई। महिला शिक्षिका ने न्याय पाने के लिए योगी सरकार के दरबार में प्रकरण उठाने का मन बना लिया है। हालांकि खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा दूरभाष पर वार्ता कर उनके द्वारा दो दिन का समय मांगने पर धरना स्थगित कर दिया गया। धरने पर शिक्षिका ममता कालरा, कविता, हिमानी चौधरी, प्रीति, रीना, दिव्या, रजनी, इन्दू, किरन, मेघा वर्मा, रजत, संजय, चमन, मोबीन, नागेन्द्र, धर्मेन्द्र तोमर, हेमेन्द्र, अंकित, जितेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



बीईओ कार्यालय पर धरना देते शिक्षक-शिक्षिकाएं।

## चिकित्सक की अनुपस्थिति में मासूम की आंख का गलत उपचार का आरोप



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मौहल्ला बांसफोड़ान निवासी शादाब ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर को भेजे पत्र में नजीबाबाद के लाला भोजाराम राजकीय नेत्र चिकित्सालय में चिकित्सक की अनुपस्थिति में उसके ढाई वर्ष के पुत्र की आंख के उपचार के बाद आंख की स्थिति बिगड़ने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई कराने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि वह अपने ढाई वर्षीय पुत्र अबुजर को आंख में दर्द होने के कारण उपचार के लिए लाला भोजाराम राजकीय नेत्र चिकित्सालय लेकर गया था। अस्पताल पहुंचने पर संबंधित चिकित्सक 'डॉ. अनुपस्थित' थे। अस्पताल के स्टाफ ने उसके पुत्र का उपचार करते हुए बाहर के मेडिकल स्टोर से दवा लिखकर दी। उक्त उपचार एवं दवा दिए जाने के बाद उसके पुत्र की आंख की स्थिति 'पहले से अधिक खराब हो गई तथा उसकी आंख में समस्या बढ़ गई'। पीड़ित ने कहा कि चिकित्सालय में चिकित्सक की अनुपस्थिति में छोटे बच्चे का उपचार किसके निर्देश पर किया गया तथा बाहर से दवा क्यों मंगाई गई। यदि उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा गलत दवा का प्रयोग हुआ है तो इसकी निष्पक्ष जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई जरूरी है।

## जनसमस्याओं के समाधान के साथ 2027 की तैयारियों में जुटे खुर्शीद मंसूरी



नजीबाबाद (चिंगारी)। आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से भावी प्रत्याशी एवं साहनपुर नगर पंचायत चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कामराजपुर, बेहड़ा, शहजादपुर सहित कई गांवों में पहुंचकर लोगों से क्षेत्र की समस्याओं पर चर्चा की। कुछ समस्याओं के समाधान के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों से वार्ता कर मौके पर ही समाधान कराने का प्रयास किया। जबकि अन्य समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से बातचीत कर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। जनसंपर्क के दौरान खुर्शीद मंसूरी ने आगामी 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर लोगों से स्पोर्ट मांगा। ग्रामीणों ने कहा कि आज़ाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चंद्रशेखर आज़ाद गरीबों, छात्रों, युवाओं व कमजोर वर्गों की आवाज उठाने का काम कर रहे हैं। आसपा खुर्शीद मंसूरी पर भरोसा जताती है, तो उन्हें विधानसभा पहुंचाने के लिए एकजुट होकर काम किया जाएगा। इस अवसर पर खुर्शीद मंसूरी ने कहा कि यदि पार्टी ने उन्हें नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र में सेवा का अवसर दिया तो उनका प्राथमिकता क्षेत्र के विकास के साथ शिक्षा व स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर करना होगा। इस मौके पर नाजिम, नौशाद, कफील अंसारी, आरिफ, वाजिद, अरशद अली, नजाकत अली, असीम, जब्बार, अकबर, नदीम, शरीफ, हाशिम सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## सपा नेता मुनव्वर अली की बहन का इंतकाल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुगलूशाह निवासी सपा के संस्थापक सदस्य मुनव्वर अली व रियासत अली की बहन फुरकत बानो (45वर्ष) का अचानक इंतकाल हो गया है। जिससे उनके परिवार में कोहराम मच गया। काफी संख्या में सपा कार्यकर्ताओं व शहर के अन्य लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर रंजोगम का इजहार किया। कोल्हू वाली मस्जिद के निकट सय्यदो वाले कब्रिस्तान में उनकी बहन का दफीना किया गया। उसके जनाजे में शहर के काफी संख्या में लोगों काजी आसिफ अली मुत्तकी, वीरेंद्र यादव, नौशाद अहमद, मोबीन हसन, पत्रकार गुलजार कुरैशी, नौशाद मुल्तानी, अमीरुद्दीन, निसार अहमद एडवोकेट, सभासद सरफराज अहमद, खालिद मसूद, अमजद सिद्दीकी आदि ने शिरकत कर अल्लाह से मरहूमा की मगफिरत व उसे जन्नत में आला मकाम अता फरमाने की दुआ की। चिंगारी परिवार भी शोक संवेदना व्यक्त करता है।





अब धामपुर में भी इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम खुल गया है

पता- इंदिरा नगर कॉलोनी निकट आयुष्मान हॉस्पिटल, धामपुर
मो. 9762717747

बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की। मो. 8192801901

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9119766026

तीसरे बच्चे को जन्म दें, 50 हजार रुपये लें! (पेज 15)



# बिलाई मिल ने अगर नहीं किया भुगतान गन्ना लेकर कलेक्ट्रेट में आंदोलन करेंगे किसान

## भाकियू अराजनीतिक ने किया ऐलान

**बिजनौर (चिंगारी)।** बिलाई शुगर मिल से जुड़े किसानों के बकाया गन्ना मूल्य भुगतान को लेकर भारतीय किसान यूनियन अराजनीतिक ने मोर्चा खोलने की तैयारी शुरू कर दी है। संगठन के जिला अध्यक्ष नितिन कुमार सिरोही ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर किसानों के समस्त बकाया गन्ना मूल्य का तत्काल भुगतान कराने की मांग की है। साथ ही भुगतान नहीं होने की स्थिति में 'भुगतान नहीं तो गन्ना नहीं' आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।

भाकियू अराजनीतिक ने कहा है कि बिलाई शुगर मिल क्षेत्र से जुड़े हजारों किसान लंबे समय से अपने गन्ने के बकाया भुगतान की प्रतीक्षा कर रहे हैं। आगामी पेराई सत्र शुरू होने वाला है और अक्टूबर के अंतिम सप्ताह में चीनी मिलों के संचालन की संभावना है, लेकिन किसानों को पिछले पेराई सत्र के गन्ने का पूर्ण भुगतान अभी तक नहीं मिला है।




जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए भाकियू-अ के पदाधिकारी।

संगठन का कहना है कि भुगतान में देरी के चलते किसान आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। संगठन के अनुसार विभिन्न गन्ना समितियों की साधारण सभा की बैठकों में किसानों द्वारा बिलाई शुगर मिल को आगामी पेराई सत्र में गन्ना नहीं दिए जाने से संबंधित प्रस्ताव पारित कर भेजे जा रहे हैं। भाकियू अराजनीतिक ने किसानों की भावनाओं और परिस्थितियों को देखते हुए गांव-गांव जाकर उन्हें जागरूक करने का निर्णय लिया है।

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि जनपद की किसी अन्य चीनी मिल का पेराई सत्र बिलाई शुगर मिल से पहले शुरू हो जाता है और किसानों की समस्या का समाधान नहीं किया जाता, तो उसी दिन से किसान अपना गन्ना लेकर बिजनौर कलक्ट्रेट परिसर में आंदोलन शुरू करने के लिए विवश होंगे। ज्ञापन देने वालों में नितिन सिरोही के साथ अतुल बालियान, नतेन्द्र सिंह, नौबाहर सिंह, अंकुल कुमार, मनोज कुमार, शुभम चौधरी, सोहित बालियान, स्पर्श आदि शामिल रहे।

# बारिश में गिरा ग़रीब का मकान नष्ट हुआ घर का सारा सामान

**शेरकोट (चिंगारी)।** तेज बारिश के चलते सोमवार को एक गरीब ग्रामीण का मकान भरभराकर गिर गया। घटना के समय परिजनों के बाहर होने के कारण बड़ा हादसा होने से बच गया, जबकि मकान में रखा हजारों रुपए का सामान खराब हो गया।

शनिवार से शुरू हुई बारिश के चलते कल दोपहर क्षेत्र के ग्राम बाजिदपुर निवासी बृहम सिंह के पुराने मकान की जर्जर लेंटर की छत भरभराकर कर गिर गई। मकान स्वामी ने बताया जिस समय ये घटना हुई उस समय घर के सब लोग कमरे से बाहर थे। इस घटना में मकान में रखा सभी घरेलू सामान खराब हो गया, जिससे उनको हजारों रुपए का नुक़सान हुआ है। बताया जाता है कि



बृहम सिंह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार की गुजर बसर करता है। ग्रामीणों ने अधिकारियों से उसको सरकारी सहायता दिलाने की मांग की है।

# रामलीला का मंचन केवल मनोरंजन नहीं-सुशांत सिंह



फीता काटकर रामलीला का उद्घाटन करते विधायक सुशांत सिंह।

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)।** श्री रामलीला का मंचन मात्र मनोरंजन नहीं, बल्कि भगवान श्री राम के आदर्शों को समझना और उसे अपने जीवन में अपनाना असली उद्देश्य है। यह बात क्षेत्रीय भाजपा विधायक कुंवर सुशांत सिंह ने क्षेत्र के ग्राम हर्रावाला में श्री रामलीला मंचन के उद्घाटन के दौरान कही। बीती शाम 11 दिवसीय रामलीला मंचन के प्रारंभ अवसर पर पंडित देवेंद्र कौशिक द्वारा हवन पूजन कराया गया और फिर विधायक सुशांत सिंह द्वारा फीता काटने उपरांत मंचन का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर गांव व क्षेत्र के अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# नगीना के पत्रकार गौरव गोयल को पितृशोक

**बिजनौर/नगीना (चिंगारी)।** नगीना के वरिष्ठ पत्रकार गौरव गोयल के पूज्य पिताजी श्री विनोद गोयल का आज सुबह निधन हो गया। वे पिछले काफी दिनों से गंभीर रूप से बीमार चल रहे थे। बिजनौर के एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। 72 वर्षीय विनोद गोयल अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये हैं। उनके निधन से नगीना नगर व मीडिया जगत में शोक व्याप्त हो गया। सूचना मिलते ही नगर व क्षेत्र के पत्रकारों तथा राजनीति व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उनके आवास पर पहुंचकर संवेदनाएं व्यक्त कीं। स्व. विनोद गोयल बहुत शांत एवं गंभीर प्रवृत्ति के नेक इंसान थे। चिंगारी परिवार उनकी आत्मा की शांति की कामना एवं शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करता है।





**भली लगे या बुरी...**

## नदियों में बढ़ता प्रदूषण-2

कैसी विडम्बना है कि भारत में गंगा को मां कहा जाता है, फिर भी तमाम सीवर गंगा में उंडेले जा रहे हैं। गंगोत्री से निकलते हुए गंगा को अपवित्र करने का उपक्रम शुरू हो जाता है। तीर्थस्थलों को पर्यटनस्थल में तब्दील किये जाने से गंगा में प्रदूषण का स्तर लगातार बढ़ रहा है। नदियों को प्रदूषणमुक्त करने के नाम पर शासन के स्तर पर अब तक अरबों रुपये खर्च किए जा चुके हैं लेकिन नदियां स्वच्छ होने की बजाय और मैली होती जा रही हैं। राज्यसभा के पटल पर रखी संसदीय समिति की रिपोर्ट बताती है कि पिछले बीस वर्षों में केवल गंगा की सफाई के नाम पर 39,226 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं लेकिन गंगा में प्रदूषण बढ़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने उत्तर प्रदेश में कुल 2171 फैक्ट्रियों की पहचान की, जिनसे खतरनाक औद्योगिक कचरा उत्पन्न होता है। इनमें से 95 ऐसी हैं जिन्होंने उद्योग चलाने की अनुमति ही नहीं ली। बहरहाल, राज्य सरकार की सक्रियता से यह हालात बदल रहे हैं। योगी सरकार से पहले जेएनयूआरएम प्रोग्राम के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश के छह महानगरों- कानपुर, लखनऊ, आगरा, इलाहाबाद, वाराणसी आदि में सीवरेज की 12 परियोजनाओं पर 2340.95 करोड़ खर्च होना था किन्तु पूरा समय बीत जाने के बाद भी लगभग 50 प्रतिशत धन ही खर्च हो सका। प्रदेश के 630 नगर निकायों में से 575 में सीवेज सिस्टम नहीं है। शेष 55 नगरों में भी लगभग 30-35 प्रतिशत सीवेज निस्तारण की व्यवस्था है। जो सीवेज सिस्टम कार्य कर रहे हैं, उनकी भी दशा बहुत अच्छी नहीं है। राज्य सरकारें नगर पालिकाओं की क्षमता-कुशलता बढ़ाये बिना ही संयंत्र लगा कर उन्हे सौंप देती हैं। नगर पालिकाएं संयंत्र चलाने की जरूरत नहीं समझतीं। ऊपर से बिजली की समस्या भी बाधक बनती है। करीब सवा सौ साल पूर्व अंग्रेजों ने पहली बार वाराणसी में गंगा में एक नाला गिराया था। वहीं से रिवर में सीवर डालने की कुप्रथा की नींव पड़ी जो आजादी के बाद भी बदस्तूर जारी रही। औद्योगिक घराने इसे बढ़ावा देते रहे और सरकारें मौन रहीं। नगर निगम और नगर पालिकाएं भी अक्सर सीवेज और नाले नदियों में उड़ेलते हैं। इसी कारण आज महानगरों में नदियों को नाला कहा जाने लगा है। समाप्त

# सपा चल सकती सैनी दांव!

पश्चिमी उत्तर प्रदेश की राजनीति दशकों से 'जाट-मुस्लिम' समीकरण या 'जाट लैंड' जैसे राजनीतिक नारों के इर्द-गिर्द घूमती रही है। जितने भी राजनैतिक विश्लेषक रहे हैं, उन्होंने शायद जमीनी हकीकत का अध्ययन नहीं किया और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 17 प्रतिशत जाट वोट ही बताते रहे, जबकि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सबसे बड़ा वोट किसी समाज का है, तो वह जाटव समाज है, जो प्रत्येक विधानसभा में बड़ी संख्या में मौजूद है। उसका वोट भी कभी 17 प्रतिशत नहीं रहा है। यदि जाटव समाज के बाद किसी समाज की बात की जाये तो वह है सैनी और ठाकुर समाज, जो सभी विधानसभा में हैं, परन्तु दोनों मिलाकर भी 17 प्रतिशत नहीं हैं। क्षेत्र की जमीनी हकीकत यह भी है कि यूजीसी का कितना ही विरोध सोशल मीडिया पर दिख रहा हो, परन्तु आखिर में यूजीसी विरोधी अधिकांश वोट भाजपा को ही जायेगा, क्योंकि अन्य पार्टियां भी दूध की धुली हुई नहीं हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चुनाव किसी वैचारिक लहर या पारंपरिक सत्ता विरोधी हवा के बजाय विशुद्ध रूप से जातीय समीकरण व मुस्लिम ध्रुवीकरण के अंकगणित पर टिका रहा है और इस बार भी ऐसा ही होने की पूरी संभावना, यदि परिस्थितियों में कोई आकस्मिक परिवर्तन न हो जाए। सैनी समाज परम्परागत रूप से अपने को भाजपा के नज़दीक पाता है, परन्तु बदलते परिवेश में हर समाज अपने लिए ज्यादा राजनैतिक शक्ति की अपेक्षा रखता है। यदि सैनी समाज भी कुछ ऐसा सोचे या उनमें कोई राजनीतिक दल इस भावना को जागृत करे, तो यह वोट उस दल की ओर आकर्षित होकर बिखर भी सकता है। जैसा बिजनौर लोकसभा चुनाव व नूरपुर विधानसभा चुनाव में हो चुका है।



वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव के मुहाने पर खड़े उत्तर प्रदेश में अभी तक मुकाबला भाजपा गठबंधन व सपा-कांग्रेस गठबंधन के बीच नज़र आ रहा है। सपा का एमवाई समीकरण पश्चमी उत्तर प्रदेश के मेरठ, सहारनपुर, मुरादाबाद अलीगढ़ व बरेली मण्डल में काम नहीं करता, क्योंकि एमवाई का वाई अर्थात यादव वोट इन मण्डलों में न के बराबर है। सपा की सबसे बड़ी चिंता यही है कि हिन्दू समाज का जब तक एक बड़ा वर्ग उसके साथ नहीं आता है, वह पश्चिम में अधिक सफल नहीं हो सकती। उसकी इस कमी की पूर्ति तभी हो सकती है, जब उसके साथ सैनी, ठाकुर अथवा जाट वोट एक मुस्त उसके साथ आयें। इस समय ठाकुर व जाट वोट परम्परागत रूप से भाजपा से जुड़ा है। जाट व ठाकुर समाज के सभी बड़े नेता भाजपा गठबंधन एनडीए के साथ हैं। ऐसे में सैनी समाज पर ही निगाह केन्द्रित हो जाती है, जो हर विधानसभा को प्रभावित करने की ताकत रखता है। यह भी कह सकते हैं कि सैनी मतों का झुकाव जिस ओर होगा, वह सत्ता के संतुलन को बना व बिगाड़ सकता है। इसलिए सैनी वोट सपा गठबंधन के लिए महत्वपूर्ण हो जाते हैं। सपा के सामने भाजपा गठबंधन जैसी परिस्थिति नहीं है, जिसे सैनी समाज के साथ-साथ ठाकुर, जाट, ब्राह्मण व बनिया समाज को नाराज़ किए बिना सैनी समाज को भी साधना है।

समाजवादी पार्टी इस आंतरिक सिरदर्द और अंतर्विरोध से पूरी तरह मुक्त है। राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में चले जाने के बाद, पश्चिमी यूपी में मुस्लिम मतों के अलावा सपा के पास खोने के लिए कोई स्थापित हिंदू कोर वोट बैंक बड़ी संख्या में मौजूद नहीं है। सपा की यही कथित कमजोरी आज उसकी सबसे बड़ी रणनीतिक ताकत बन सकती है। चूंकि सपा के ऊपर किसी दबंग हिंदू जाति का आंतरिक दबाव या ब्लैकमेलिंग का खतरा नहीं है, इसलिए वह बेहद बेबाकी से सैनी समाज पर 'बड़ा राजनीतिक दांव' खेल सकती है। सपा के पास बिना किसी हिचकिचाहट के सैनी समाज के चेहरों को बड़ी संख्या में टिकट और सम्मान देने की पूरी राजनीतिक जमीन खाली है। यदि सपा अपने पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फार्मूले के जरिए इस मुस्लिम-सैनी गठजोड़ को जमीन पर उतारने में सफल रहती है, तो वह भाजपा के अभेद्य किलों में बड़ी आसानी से सेंध लगा सकती है, परन्तु यह सब भविष्य की गर्द में छुपा है सपा और भाजपा कैसे अपनी रणनीति बनाते हैं?

**-योगी योगेन्द्र** (योगी फीचर्स)

# टेक्निकल खराबी से खेत में उतरा हेलीकॉप्टर

## बिजनौर के रायपुर गढ़ी गांव में उतरा, 20 मिनट बाद सुरक्षित उड़ाया गया, देखने के लिए भीड़ जुटी

बिजनौर (चिंगारी)। थाना क्षेत्र के रायपुर गढ़ी गांव में एक हेलीकॉप्टर खेत में उतर गया। इसमें तकनीकी खराबी आ गई थी। हेलीकॉप्टर को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। जानकारी के मुताबिक, यह घटना सुबह करीब 11 बजे हुई। ग्रामीणों ने अचानक खेतों की ओर भागना शुरू कर दिया, क्योंकि गांव में हेलीकॉप्टर उतरने की खबर फैल गई थी। हेलीकॉप्टर राकेश के खेत में बोरिंग के पास उतरा था। हेलीकॉप्टर में दो लोग सवार थे। यह करीब 20 से 25 मिनट तक खेत में रहा। इसी दौरान एक और हेलीकॉप्टर ऊपर उड़ता दिखा, जो शायद मदद के लिए आया था। हालांकि, नीचे उतरे हेलीकॉप्टर की तकनीकी खराबी को ठीक कर लिया गया। लगभग 20-25 मिनट बाद हेलीकॉप्टर रायपुर गढ़ी गांव से सुरक्षित उड़ान भर गया। इस घटना को लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पाई है।



# मायावती ने दिया ऐसा बयान, जिले की राजनीति में आया तूफान

## बहन जी ने चंद्रशेखर पर आरोप लगाया, भाजपा ने गड़बड़ी कर चुनाव जिताया



बिजनौर (चिंगारी)। बसपा सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती द्वारा ईवीएम में गड़बड़ी कर नगीना से आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर को चुनाव जिताने का गंभीर आरोप लगाने से उत्तर प्रदेश, विशेषकर बिजनौर जिले की राजनीति में बहुजन आंदोलन के भविष्य और दलित वोटों के ध्रुवीकरण को लेकर नई बहस छिड़ गई है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को जारी अपने एक बयान में कहा कि भाजपा ने ईवीएम में गड़बड़ी कर चंद्रशेखर को चुनाव जिताया था। और अब चंद्रशेखर भाजपा के इशारे पर धरना-प्रदर्शन करवाता है और उसमें युवाओं को आगे करके उनके विरुद्ध गंभीर धाराओं में केस दर्ज करवा देता है, जिससे उनको केस खत्म होने तक सरकारी नौकरी भी नहीं मिल पायेगी तथा कोर्ट के चक्कर लगाने पड़ेंगे।

**बहन मायावती जी द्वारा दिया गया बयान पूरी तरह सत्य है। सभी इस बात को जानते है। चंद्रशेखर भाजपा के इशारे पर काम करते है।**

**-कविराज जिलाध्यक्ष**
**बहुजन समाज पार्टी बिजनौर**

मायावती ने पहली बार चंद्रशेखर पर इतना तीखा हमला किया है। जिस पर पलटवार करते हुए सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि बहन जी को जो लिखकर दिया जाता है, वही बोल देती हैं। मायावती को अपना लिखने वाला बदल लेना चाहिए। चंद्रशेखर ने भी पहली बार बसपा सुप्रीमो के विरुद्ध खुलकर बयान दिया है। इन दोनों दलित नेताओं के खुलकर एक-दूसरे के सामने आने से दलितों में भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो गई है। बसपा सुप्रीमो के बयान को आगामी विधानसभा चुनाव से जोड़कर देखा जा रहा है।

उधर, बसपा सुप्रीमो मायावती द्वारा चंद्रशेखर की जीत में इवीएम की गड़बड़ी होने एवं भाजपा का सहयोग होने के आरोप पर आमजन का दावा है कि बहन कुमारी मायावती देश की बड़ी नेता हैं और वह किसी भी बात को बिना विश्लेषण अथवा हल्के में नहीं कहती हैं। यदि उन्होंने ऐसा बयान दिया है तो इसमें कहीं ना कहीं वास्तविकता होगी। वहीं आजाद समाज पार्टी ने मायावती के बयान को पूरी तरह से निराधार बताया है।

**लोकसभा 2024 की स्थिति**

विजेता- चंद्रशेखर आजाद (आजाद समाज पार्टी - कांशीराम)
प्राप्त वोट- 5,12,552
दूसरे स्थान पर: ओम कुमार (भारतीय जनता पार्टी) प्राप्त वोट - 3,61,079
तीसरे स्थान पर- मनोज कुमार (समाजवादी पार्टी/ इंडिया गठबंधन) प्राप्त वोट- 1,02,374
चौथे स्थान पर- सुरेंद्र पाल सिंह (बहुजन समाज पार्टी) प्राप्त वोट- 13,272

# बुडगरा हाउस पर हुआ भाजपा पदाधिकारियों का अभिनंदन



**बिजनौर (चिंगारी)।** सोमवार को भरत विहार में बुडगरा हाउस पर दृष्टि राठौर पत्नी स्व. निशांत राठौर द्वारा अपने समस्त परिवार के साथ भारतीय जनता पार्टी के नवमनोनीत उपाध्यक्ष राजीव सिसौदिया व सुभाष बाल्मीकि तथा क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती हरजिंदर कौर का स्वागत किया । इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने स्व. निशांत राठौर का भावपूर्ण स्मरण किया तथा दृष्टि राठौर को अपनी शुभकामनाएं दीं। स्वागत समारोह में कृष्णा कॉलेज के प्रबंधक पवन चौहान, जितेंद्र राणा, क्षत्रिय राजपूत सभा बिजनौर के अध्यक्ष ब्रजवीर सिंह, सचिव अतुल विक्रम सिंह, डीजीसी क्रिमिनल वरूण राजपूत, एडीजीसी भालेंद्र राठौर, एडीजीसी मुकुल कुमार सिंह, भाजपा नेता सीपी सिंह, विवेक चौहान, नवदीप सिंह एड., शुभम चौहान, सौरभ चौहान, नवीन शर्मा, कुंवर समरजीत सिंह, डॉ. अमरजीत सिंह, गजेंद्र पाल सिंह, सत्येंद्र कुमार सिंह, दिनेश कुमार, हरदीप चौधरी एड., देवेंद्र पाल सिंह एड., मोहित राजपूत, सभासद राजवीर सिंह, अभिषेक सिसौदिया एड., विनीत बहादुर एड., डॉ. ललित, जितेंद्र राजपूत, सुनील राजपूत कार्यालय मंत्री भाजपा, मा. खूब सिंह, अंजलि चौहान, स्वाति चौहान, नीतू चौधरी, दीपा सिंह, गीता सिंह, अर्चना सिंह, चारू, हिमानी सिंह, भारती सिंह, गार्गी राणा, पीयूष राजपूत, सुनीता सिंह, सुधा सिंह, कार्तिकेय राठौर, अभ्युदय राठौर, आरोही सिंह, अक्षिता सिंह, अक्षय राठौर आदि उपस्थित रहे। दृष्टि राठौर ने क्षेत्रीय पदाधिकारियों का अभिनंदन करते हुए उनका आशीर्वाद लिया। बता दें कि दृष्टि राठौर के पति निशांत राठौर भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय एवं निष्ठावान कार्यकर्ता थे, जिनका लगभग एक वर्ष पूर्व आकस्मिक निधन हो गया था।




### कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
### नलकूप निर्माण खण्ड, मुरादाबाद

**निविदा सूचना संख्या-19/अधि0अभि0/न0नि0ख0मु0/2026-27**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग उत्तर प्रदेश में वर्गीकृत श्रेणी मे पंजीकृत ठेकेदारो से दिनांक-05.10.2026 की प्रातः 10:00 बजे से दिनॉक-13.10.2026 की सांय 05:00 बजे तक में आमन्त्रित की जाती है, जो कि दिनांक-14.10.2026 की प्रातः 11:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उपस्थित ठेकेदारो के समक्ष गठित समिति द्वारा खोली जायेगी। इच्छुक ठेकेदार अथवा उनके प्रतिनिधि निविदा खोलने की प्रक्रिया के समय उपस्थित रह सकते है। कार्यालय बन्द होने, छुट्टी होने एवं अपरिहार्य कारणों की दशा में यह बिड अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

निविदा के साथ सिंचाई विभाग की निर्धारित श्रेणी में पंजीकरण प्रमाण पत्र, जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित चरित्र प्रमाण-पत्र **IDT-1**, हैसियत प्रमाण-पत्र **IDT-2** तथा स्वःघोषणा शपथ-पत्र **IDT-3** रू0 100.00 मात्र के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर एवं अन्य आवश्यक प्रपत्रों की प्रतियॉ, धरोहर धनराशि एवं डिमाण्ड ड्राफ्ट निविदा के साथ प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नही की जायेगी। एक या समस्त निविदाओ को बिना कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | मात्रा | यूनिट | कार्य की अनुमानित लागत (रू लाख में) | धरोहर राशि (रू में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | न्यूनतम पंजीकृत श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| Lot-1 | Supply of 2.00mm to 3.35mm size (as per IS Code 4097-1967 reaffirmed 1999) pea gravel of Lalkuan quarry (Uttrakhand) duly washed, screened and properly stacked at site including Royality, Contractor profit,all taxes of Quarry and transportation up toTubewells Colony District Bijnore.( बजट की प्रत्याशा में) | 130 | घन मी0 | 5.27 | 11000 | 04 माह | 770जी0एस0टी0 सहित | "ए" यांत्रिक |
| Lot-2 | Supply of 2.00mm to 3.35mm size (as per IS Code 4097-1967 reaffirmed 1999) pea gravel of Lalkuan quarry (Uttrakhand) duly washed, screened and properly stacked at site including Royality, Contractor profit,all taxes of Quarry and transportation up to Tubewell Colony District Amroha.( बजट की प्रत्याशा में) | 208 | घन मी0 | 7.77 | 16000 | 04 माह | 770जी0एस0टी0 सहित | "ए" यांत्रिक |

नोट- 1-यह बिड सूचना एवं **शेष शर्ते** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश की वेबसाईट (http://idup.gov.in) पर उपलब्ध होगी।

R.O.No. 257115 Date: 28-09-2026
UPID.www.upgov.nic.in

(सुधीर कुमार कटियार)
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड, मुरादाबाद

# धामपुर बार एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न : सुरेश सिंह अध्यक्ष, खेमचन्द सचिव निर्वाचित

**धामपुर ( चिंगारी )।** बार एसोसिएशन धामपुर के वार्षिक चुनाव (वर्ष 2026-2027) का परिणाम सोमवार की शाम घोषित कर दिया गया। चुनाव अधिकारी योगेंद्र पाल सिंह एडवोकेट द्वारा जारी परिणाम के अनुसार कुल 216 मतों में से 211 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में अध्यक्ष सहित कुल 8 पदों पर मतदान हुआ, जिसमें 2 पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ।

घोषित चुनाव परिणाम के अनुसार अध्यक्ष पद पर-सुरेश सिंह ने 120 मत प्राप्त कर अपने प्रतिद्वंदी सुधीर कुमार (90 मत) को 30 मतों से पराजित किया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर-जितेन्द्र कुमार ने 106 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की, जबकि संजीव कुमार को 101 मत मिले। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कमल सिंह 122 मत पाकर विजयी रहे उनके प्रतिबंध विपिन चौहान को 87



नवनिर्वाचित पदाधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए अधिवक्ता।

मत मिले। सचिव पद पर-खेमचन्द ने 111 मतों के साथ जीत हासिल की, जफर अहमद को 97 मत प्राप्त हुए। सह सचिव प्रशासन पद पर-नरेन्द्र सिंह 115 मत लेकर विजयी हुए, अनुराग कुमार को 92 मत मिले। पुस्तकालय सचिव तारा सिंह 85 मत पाकर विजयी हुए, सह सचिव लाइब्रेरियन पद पर-योगेश कुमार को 64 और शावेज़ अली को 57 मत मिले। बार एसोसिएशन, धामपुर में कोषाध्यक्ष पद महिला के लिए आरक्षित होने के कारण कोषाध्यक्ष पद पर-सुमन लता तथा सह सचिव प्रकाशन पद पर- शाकिर हुसैन अंसारी निर्विरोध निर्वाचित हुए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही परिसर में नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को अधिवक्ताओं ने फूल-मालाओं से लादकर बधाई दी।

### कनिष्ठ उपाध्यक्ष को मिले सर्वाधिक मत

**इस चुनाव में सर्वाधिक मत प्राप्त करने का रिकॉर्ड कमल सिंह एडवोकेट के नाम रहा, और जीत का सबसे बड़ा अंतर भी उन्होंने ही हासिल किया। कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर सीधे कांटेदार मुकाबले में कुल डाले गए 211 मतों में से कमल सिंह एडवोकेट को 122 वोट मिले, जो इस चुनाव में सब प्रत्याशियों में सबसे ज्यादा वोट हासिल करने का यह एक रिकॉर्ड बन गया।**

## UPI ट्रांजेक्शन पर लगाये गये टैक्स के विरोध में ज्ञापन दिया



एसडीएम को ज्ञापन देते हुए उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा UPI ट्रांजेक्शन पर लगाये गये टैक्स के विरोध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित ज्ञापन आज प्रात: उप जिलाधिकारी धामपुर को दिया गया। धामपुर चिंगारी पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल द्वारा UPI ट्रांजेक्शन पर लगाये गये टैक्स के विरोध में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित ज्ञापन आज प्रात: उप जिलाधिकारी धामपुर को दिया गया। ज्ञापन देने वालों में संगठन के प्रदेश प्रभारी सतवंत सिंह सलूजा, मंडल प्रभारी जावेद रहमान, शमसी, नगर अध्यक्ष एस.पी. सलूजा ,सरदार त्रिलोचन सिंह चावला आदि शामिल रहे। ज्ञापन मे कहा गया है कि UPIपर सरकार द्वारा जो टैक्स लगाया जा रहा है, उससे छोटे व्यापारियों एवं आम जनता को काफी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं। अत: इस टैक्स को हटाया या सामान्य किया जाये। उत्तर प्रदेश में जीएसटी अधिकारियों द्वारा व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है, इसे रोका जाए। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गठित व्यापारी कल्याण बोर्ड में संगठन के पदाधिकारियों को नामित किया जाये। व्यापार मण्डल पंजि. के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री को बोर्ड का सदस्य बनाया जाये।

ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में खाद्य विभाग द्वारा चेकिंग के नाम पर व्यापारी को परेशान किया जा रहा हैं। व्यापारियों के शस्त्र लाइसेंस नवीनीकरण में आ रही समस्याओं का समाधान किया जाये। ज्ञापन में बिजनौर-मेरठ बाय पास हसनपुर लिंक मार्ग बनाए जाये की मांग भी की गई है, जिससे व्यापारियों को सुविधा हो।

## नदी में पड़ा मलबा हटवाया, जल प्रवाह का रास्ता बनाया

### पुलिया का हिस्सा टूटकर गिर गया था इकड़ा में



जेसीबी मशीन अतिक्रमण हटाते हुए।

**धामपुर ( चिंगारी )।** दो दिन लगातार हुई बारिश के चलते बरसाती नदियों का जलस्तर बढ़ गया है, जिससे नगर से होकर गुजर रही इकड़ा नदी में भी पानी बढ़ने से आसपास की कॉलोनियों और मोहल्लों में जलभराव की स्थिति बन गई। टीचर्स कॉलोनी और सुंदर नगर के पास इकड़ा नदी पर अतिक्रमण होने से पानी की निकासी बाधित हो रही थी, जिस पर सोमवार शाम राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की मदद से अतिक्रमण हटवाकर नदी का मार्ग प्रशस्त कराया। ग्राम पंचायत पुराना धामपुर में स्थित दुर्गा विहार के सामने शेरकोट बाईपास से उद्गम होने वाली इकड़ा नदी नगर के टीचर्स कॉलोनी, सुंदर नगर और पुराना धामपुर समेत कई क्षेत्रों से होकर गुजरती है। अधिक बारिश होने पर नदी का जलस्तर बढ़ जाता है, जिससे आसपास के इलाकों में पानी भरने की समस्या उत्पन्न हो जाती है। नदी के आसपास अतिक्रमण होने के कारण भी पानी की निकासी प्रभावित होती है।

सुंदर नगर में जिओ कार्यालय के पास कुछ समय पहले बनी पुलिया का हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर नदी में गिर गया था। इसके अलावा वहां निर्माण का मलबा भी पड़ा था, जिससे नदी का बहाव प्रभावित हो रहा था। आसपास के लोगों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की थी। शिकायत के बाद सोमवार शाम राजस्व विभाग की टीम जेसीबी लेकर मौके पर पहुंची। लेखपाल प्रभात चौधरी और कानूनगो राजकुमार की मौजूदगी में जेसीबी से अतिक्रमण और नदी में पड़ा मलबा हटवाया। इसके बाद पानी के बहाव का रास्ता साफ हो गया।

लेखपाल प्रभात चौधरी ने बताया कि लगातार बारिश के कारण इकड़ा नदी का जलस्तर बढ़ा है। जिओ कार्यालय के पास टूटी पुलिया का मलबा नदी में पड़ा होने से पानी का बहाव प्रभावित हो रहा था। शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंचकर जेसीबी से मलबा हटवाया गया है।

## डेढ़ माह पूर्व दुर्घटना में घायल सतीश चंद वर्मा का निधन



शोक सभा में शामिल योग साधक।

**धामपुर ( चिंगारी )।** लगभग डेढ़ माह तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद आखिरकार नगर के सर्राफा कारोबारी एवं 'योग करो हंसमुख रहो' संस्था के संस्थापक सदस्य सतीश चंद्र वर्मा का बीती रात स्वर्गवास हो गया। वह 75 वर्ष के थे। उनके निधन पर योग साधकों में शोक की लहर दौड़ गई। आज प्रात: फल चौक स्थित लाला केदारनाथ अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित शोक सभा में 2 मिनट का मौन धारण कर परमपिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की गई।

नगर के मोहल्ला खातियान निवासी सर्राफा कारोबारी एवं समाजसेवी सतीश चंद्र वर्मा को 12 अगस्त को स्कूटी से मुरादाबाद जाते हुए अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिए जाने के कारण सिर में गंभीर चोट आई थी। तब से उनके परिजन अलग-अलग हॉस्पिटल में उनका उपचार करा रहे थे परंतु सर में चोट लगने के कारण वह कोमा में चले गए थे। परिजनों ने उनका उपचार एम्स ऋषिकेश में भी कराया था परंतु उनके स्वास्थ्य में सुधार ना होने के कारण बीती रात 9 बजे उनका स्वर्गवास हो गया। सतीश चंद्र वर्मा बालाजी महाराज के भक्त होने के साथ अंतिम यात्रा पर जाने वाले शव की अर्थी बांधकर सेवा भी करते थे। उनका चांदी के जेवर बेचने का कारोबार था। योग करो हंसमुख रहो संस्था के वह संस्थापक सदस्य भी रहे। उनके निधन पर योगाचार्य विजय वर्मा, संजय अग्रवाल मुनिया, अशोक अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, महेंद्र गर्ग सर्राफ, पुनीत गर्ग, सुनील अग्रवाल पचरंगी, अमन पुष्पक, श्रीमती राधा रानी, अर्चना सिंह, पंडित रविकांत शर्मा, सुभाष गुप्ता, अंकित गुप्ता, सुभाष मोदी, मदनपाल सिंह राणा, सेवानिवृत्ति दरोगा जी, अंजू अरोड़ा पत्रकार मनोज कात्यायन आदि उपस्थित रहे।

## हंगामा लोक समिति ने किया शहीदे आजम भगत सिंह को नमन

**धामपुर ( चिंगारी )।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक व सह संगठन सचिव भुवनेश्वर प्रताप सिंह द्वारा देश की आजादी के महान क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह की 119वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ भगत सिंह के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस अवसर पर भुवनेश्वर प्रताप सिंह ने बताया कि सरदार भगत सिंह का जीवन देशभक्ति, साहस और त्याग की अद्भुत मिसाल है। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उनके विचार और बलिदान आज भी युवाओं को राष्ट्रहित के लिए प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भगत सिंह को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए उनके आदर्शों और देशप्रेम की भावना को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

# कलेक्ट्रेट परिसर में धरना-प्रदर्शन पर रोक को प्रभावी बनाने के लिये मजिस्ट्रेटों की तैनाती

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सुप्रीम कोर्ट के विभिन्न निर्णयों और शासन के निर्देशों के क्रम में जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर को धरना-प्रदर्शन के लिए पूर्णतः निषिद्ध क्षेत्र घोषित कर दिया है। 22 सितंबर 2026 को जारी कार्यालय आदेश के तहत अब जनपद मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन, आंदोलन एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए इंदिरा बाल भवन को निर्धारित किया गया है। इस आदेश को प्रभावी बनाने के लिए धरना स्थल पर व्यवस्थाओं और आंदोलनों के सुचारू संचालन के लिए जिलाधिकारी ने दिवसवार मजिस्ट्रेट एवं उनके लिंक अधिकारियों की तैनाती की है। सोमवार को डिप्टी कलेक्टर वंदना कुशवाह मजिस्ट्रेट और एसडीएम (न्यायिक) धामपुर रामाश्रय लिंक अधिकारी होंगे। मंगलवार को रामाश्रय मजिस्ट्रेट और वंदना कुशवाह लिंक अधिकारी रहेंगी।

बुधवार को एसडीएम (न्यायिक) नगीना आशुतोष रामप्यारे जैसवाल मजिस्ट्रेट और डिप्टी कलेक्टर प्रज्ञा यादव लिंक अधिकारी होंगी। गुरुवार को प्रज्ञा यादव मजिस्ट्रेट और आशुतोष रामप्यारे जैसवाल लिंक अधिकारी रहेंगे। शुक्रवार को डिप्टी कलेक्टर जितेंद्र सिंह वीरवाल मजिस्ट्रेट और डिप्टी कलेक्टर अनुराग सिंह लिंक अधिकारी होंगे। शनिवार को अनुराग सिंह मजिस्ट्रेट और जितेंद्र सिंह वीरवाल लिंक अधिकारी की जिम्मेदारी संभालेंगे।




### आयोजकों से समन्वय के निर्देश

**जिलाधिकारी ने नामित अधिकारियों को धरना-प्रदर्शन करने वाले आयोजकों से समन्वय स्थापित कर प्राप्त प्रार्थना-पत्रों पर नियमानुसार कार्यवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। दोनों नामित अधिकारियों के अवकाश पर होने की स्थिति में डिप्टी कलेक्टर विजय शंकर स्थानापन्न अधिकारी के रूप में कार्य करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।**

## सड़क हादसे रोकने को चलेगा विशेष अभियान

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इसमें सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित एवं प्रभावी बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क हादसे में घायल व्यक्ति की मदद कर समय से अस्पताल पहुंचाने वाले नेक व्यक्तियों को चिन्हित कर सम्मानित किया जाए, ताकि अन्य लोग भी दुर्घटना में घायलों की मदद के लिए प्रेरित हों। उन्होंने पुलिस और एआरटीओ विभाग की प्रवर्तन कार्रवाई की समीक्षा करते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिये।

### अनधिकृत होर्डिंग हटे

डीएम ने सड़क सुरक्षा के मद्देनजर फुटपाथ पर लगे अनधिकृत होर्डिंग हटाने को कहा, ताकि पैदल यात्रियों को आवागमन में परेशानी न हो और दुर्घटनाओं की आशंका कम की जा सके। उन्होंने दोपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट के अनिवार्य प्रयोग को लेकर विशेष अभियान चलाने और लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई समेत संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## त्योहारों के मद्देनजर पटाखा दुकानों और फैक्ट्रियों की जांच होगी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में महात्मा विदुर सभागार में राजस्व एवं पुलिस अधिकारियों की समन्वय बैठक हुई। इसमें आगामी त्यौहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था, सुरक्षा और प्रशासनिक तैयारियों की समीक्षा की गई। डीएम ने सभी एसडीएम को अपने क्षेत्रों में पटाखा दुकानों और फैक्ट्रियों का अग्निशमन व पुलिस अधिकारियों के साथ संयुक्त निरीक्षण कराने के निर्देश दिये। उन्होंने सुरक्षा मानकों और अग्निशमन व्यवस्थाओं की जांच करने तथा लापरवाही मिलने पर कार्रवाई के निर्देश दिये। डीएम ने पुलिस और राजस्व अधिकारियों को नियमित फुट पेट्रोलिंग करने और संवेदनशील क्षेत्रों में सर्विलांस बढ़ाने को कहा। उन्होंने छोटी से छोटी सूचना को गंभीरता से लेते हुए तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभाग त्यौहारों की तैयारियां समय से पूरी करें, ताकि आमजन को परेशानी न हो और त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न हों। अधिकारियों को जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश भी दिये।

# उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध निस्तारण करें अधिकारी : डीएम

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक हुई। इसमें औद्योगिक निवेश बढ़ाने, उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण और रोजगारपरक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने इन्वेस्टर्स के एमओयू की समीक्षा करते हुए धरातल पर सक्रिय निवेश की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उपायुक्त उद्योग ने बताया कि जनपद में 137 निवेशकों के लिए भूमि उपलब्ध है, जबकि 106 निवेश इकाइयों में उत्पादन शुरू हो चुका है। डीएम ने शेष निवेश प्रस्तावों पर भी तेजी से कार्रवाई के निर्देश दिये।




बैठक में निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित और निस्तारित प्रकरणों की समीक्षा की गई। डीएम ने अधिकारियों से उद्यमियों को अनुमतियां और सुविधाएं समयबद्ध उपलब्ध कराने तथा पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करने को कहा।

बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा विकास अभियान, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम समेत अन्य रोजगार एवं स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। डीएम ने पात्र लाभार्थियों को अधिक से अधिक लाभ दिलाने और लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिये।

### हाईवे पर नहीं चलेंगे ई-रिक्शा

व्यापार बंधु समिति की बैठक में व्यापारियों की समस्याओं पर चर्चा हुई। निर्णय लिया गया कि ई-रिक्शा का संचालन हाईवे पर नहीं किया जाएगा। इनके सुरक्षित एवं सुचारु संचालन के लिए निर्धारित जोन बनाए जाएंगे, जिससे यातायात व्यवस्था बेहतर बनी रहे। बैठक में पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, उपायुक्त उद्योग समेत संबंधित विभागों के अधिकारी, उद्यमी और व्यापारी मौजूद रहे।




## सिविल बार एसोसिएशन का कार्यकाल समाप्त हुआ, जल्द होंगे चुनाव

**बिजनौर ( चिंगारी )।** डिस्ट्रिक्ट सिविल बार एसोसिएशन का कार्यकाल पूर्ण होने पर एल्डर्स कमेटी ने चुनाव कराने की घोषणा की है। एल्डर्स कमेटी के सदस्य नरेश अग्रवाल एडवोकेट एवं सदस्य नरेंद्र सिंह एडवोकेट द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार डिस्ट्रिक्ट सिविल बार एसोसिएशन की कार्यकारिणी का कार्यकाल एक सितंबर 26 को समाप्त हो चुका है। वर्ष 2026-2027 के चुनाव कराने का कार्यकारिणी को एक माह की अवधि में 30 सितंबर 26 तक चुनाव कराने चाहिए थे, जो अवधि शेष नहीं है, ऐसी स्थिति में अब चुनाव कराने का संपूर्ण दायित्व एल्डर्स कमेटी का है। निवर्तमान कार्यकारिणी को कोई अधिकार चुनाव कराने का नहीं है, निवर्तमान अध्यक्ष को चुनावी दस्तावेज एवं चुनाव संबंधी समस्त सामग्री एल्डर्स कमेटी को तुरंत सौंपने का आग्रह किया गया है। एल्डर्स कमेटी चुनाव का कार्यक्रम अतिशीघ्र ही प्रकाशित करेगी। विज्ञप्ति में उच्च न्यायालय के निर्णय का हवाला दिया गया है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# सूतक, पातक, श्राद्ध का पूरा नियम!

## क्या घर में मृत्यु होने पर उस वर्ष श्राद्ध नहीं करना चाहिए?

यह सबसे बड़ा भ्रम है, बहुत लोग कहते हैं- हमारे घर में इस साल मृत्यु हुई है, इस साल हम श्राद्ध नहीं करेंगे, पितृ पक्ष नहीं मनाएंगे। क्या यह सही है? गरुड़ पुराण क्या कहता है? गरुड़ पुराण में भगवान विष्णु ने स्पष्ट कहा है- मृत्यु होने पर श्राद्ध बंद नहीं होता, पितरों का अधिकार बंद नहीं होता, लेकिन सूतक और पातक का नियम समझना जरूरी है।

### पहले समझिए- घर में मृत्यु होने पर 2 तरह का अशौच लगता है।

1. **सूतक**- जन्म का सूतक- घर में बच्चा पैदा हो तो 10 दिन तक सूतक लगता है।

2. **पातक**- मृत्यु का पातक- घर में किसी की मृत्यु हो तो 10, से 13 दिन तक पातक लगता है। जब तक यह 13 दिन का पातक है, तब तक कोई पूजा, कोई श्राद्ध, कोई व्रत, कोई त्यौहार नहीं कर सकते। घर का मंदिर भी बंद रहता है, लेकिन 13 दिन के बाद क्या?

13 दिन के बाद शुद्धि होती है, 13वीं पर तेरहवीं होती है, सपिंडीकरण होता है, मृत व्यक्ति पितर बन जाता है। उसके बाद पातक खत्म, और सभी पूजा-पाठ शुरू। अब मुख्य प्रश्न- यदि घर में मृत्यु उसी साल हुई है, और 2-3 महीने बाद पितृ पक्ष आ गया, तो क्या श्राद्ध करें या नहीं?

### गरुड़ पुराण कहता है- अवश्य करें।

भगवान विष्णु कहते हैं- हे गरुड़, एक व्यक्ति के मरने से दूसरे पितरों का भोजन बंद नहीं होता। जैसे एक बेटा बीमार हो जाए तो क्या दूसरे बेटों को भोजन नहीं दोगे? वैसे ही एक नये पितर के आने से पुराने पितरों का श्राद्ध बंद नहीं करना चाहिए।

### नियम क्या है?

**नियम 1-** यदि मृत्यु पितृ पक्ष से पहले, 1 साल



के अंदर हुई है, तो उस नये मृत व्यक्ति का श्राद्ध पितृ पक्ष में नहीं होगा, पर पुराने पितरों का श्राद्ध अवश्य होगा।

**उदाहरण**- मान लो किसी के पिता जी का देहांत जनवरी 2026 में हुआ, और पितृ पक्ष सितंबर 2026 में है। तो सितंबर 2026 में उन पिता जी का पहला पितृ पक्ष वाला श्राद्ध नहीं करेंगे। उनका पहला श्राद्ध 1 साल बाद, जब बरसी होगी, तब होगा। उस दिन सपिंडी श्राद्ध होगा, तब वे पितरों में मिलेंगे। लेकिन आपके दादा जी, परदादा जी का श्राद्ध जो हर साल करते हैं, वह सितंबर 2026 में अवश्य करेंगे, रोकेंगे नहीं।

### सही विधि क्या है उस वर्ष?

- घर में मृत्यु हुई है, 13 दिन बाद शुद्धि हुई।

- अब यदि पितृ पक्ष आया तो सुबह स्नान करके, संकल्प लें - मम पितृ प्रीत्यर्थम्, अहं पितृ श्राद्धं करिष्ये, नूतन प्रेतं विहाय। अर्थात नये प्रेत को छोड़कर पुराने पितरों के लिए श्राद्ध कर रहा हूं।

- नये मृत व्यक्ति के नाम से कोई पिंड नहीं, कोई ब्राह्मण भोजन नहीं, केवल पुराने पितरों के नाम से।

एक विशेष बात- गया श्राद्ध, त्रिपिंडी, नारायण बली पर पातक का नियम नहीं लगता।

**यदि घर में मृत्यु हुई है, और आप गया जाकर त्रिपिंडी या नारायण बली कराना चाहते हैं तो पातक खत्म होने के बाद, 13 दिन बाद कभी भी करा सकते हैं, पितृ पक्ष का इंतजार जरूरी नहीं। सार -**

**- मृत्यु वाले वर्ष श्राद्ध बंद नहीं होता।**

**- नए मृत व्यक्ति का श्राद्ध पितृ पक्ष में नहीं होता, 1 साल बाद होता है।**

**- पुराने पितरों का श्राद्ध अवश्य होता है, हर साल होता है।**

**- 13 दिन के पातक में कोई श्राद्ध नहीं होता।**

**- पातक के बाद श्राद्ध अवश्य होता है।**

### नियम 2- पहला वर्ष- प्रेत वर्ष।

गरुड़ पुराण कहता है- मृत्यु के बाद 1 साल तक व्यक्ति प्रेत योनि में रहता है, पितर नहीं बनता। इसीलिए पहले वर्ष उसे पितरों में नहीं मिलाते। उसके नाम से हर महीने मासिक श्राद्ध, त्रैमासिक, 6 माही, और 1 साल पर वार्षिक श्राद्ध- बरसी करते हैं। पितृ पक्ष में उसका नाम नहीं लेते, क्योंकि वह अभी पितृ पंक्ति में आया ही नहीं।

### नियम 3- यदि मृत्यु पितृ पक्ष के दौरान ही हो जाए तो क्या करें?

यदि पितृ पक्ष के 16 दिन के अंदर ही घर में किसी की मृत्यु हो जाए तो उस साल का पितृ पक्ष उसी दिन से बंद हो जाता है, पातक लग जाता है, बाकी के बचे हुए दिन का श्राद्ध नहीं कर सकते, पर जो श्राद्ध पातक से पहले कर चुके, वह मान्य है। और अगले साल से फिर नियमित शुरू।

### नियम 4- सूतक में श्राद्ध आ जाए तो क्या करें?

यदि घर में बच्चा पैदा हुआ है, और 10 दिन का सूतक है, और उसी बीच पितृ पक्ष की तिथि आ गई, तो उस तिथि का श्राद्ध सूतक खत्म होने के बाद, उसी पक्ष में कर सकते हैं, या अमावस्या को कर दें। श्राद्ध टाल सकते हैं, छोड़ नहीं सकते।

### नियम 5- क्या स्त्री की मृत्यु पर भी यही नियम?

हां, स्त्री, पुरुष, बच्चा, बुजुर्ग- सभी के लिए यही नियम। किसी की भी मृत्यु पर पुराने पितरों का श्राद्ध बंद नहीं होता। बहुत लोग डरते हैं - पंडित जी कहते हैं, इस साल श्राद्ध मत करो, घर में मृत्यु हुई है। यह गलत क्यों है? गरुड़ पुराण में भगवान कहते हैं- जो पुत्र पातक के बहाने पुराने पितरों का श्राद्ध छोड़ देता है, उसके पितर भूखे रह जाते हैं, और श्राप देते हैं- तूने हमें भूखा रखा, तेरा वंश भूखा रहेगा, इसीलिए भूल से भी पुराने पितरों का श्राद्ध मत छोड़ो।



यदि आपने पातक के नाम पर श्राद्ध छोड़ दिया तो ये मानिये कि आपने अपने पितरों को भूखा रख दिया। गरुड़ पुराण कहता है- भूखा पितर सबसे बड़ा श्राप देता है।

इसीलिए हे मनुष्य, घर में मृत्यु होना प्रकृति का नियम है, पर पितरों को भोजन देना पुत्र का धर्म है। और धर्म कभी छोड़ा नहीं जाता।

-आचार्य विनोद गोस्वामी
(ज्योतिषज्ञ , वस्तुविद )
462,आवास विकास बिजनौर
मो. -7017142498

## ज्ञान व अनुभव से सराबोर रहा नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेज का औद्योगिक भ्रमण



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नॉर्थ इंडिया ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के बीबीए, एमबीए एवं बीसीए के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने तथा उनके व्यक्तित्व विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस भ्रमण में अक्षय पात्र फाउंडेशन एवं मालसी डियर पार्क, देहरादून का भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने अक्षय पात्र फाउंडेशन की कार्यप्रणाली एवं सामाजिक सेवा से जुड़े विभिन्न पहलुओं को नजदीक से समझा। विद्यार्थियों को संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों, भोजन प्रबंधन एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई। इस अनुभव ने विद्यार्थियों को सामाजिक सरोकारों एवं सामुदायिक सेवा के प्रति जागरूक करने का कार्य किया। टूर का सफल संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर वैभव जैन एवं कमल कुमार द्वारा किया गया। विद्यार्थियों के साथ डॉ. रविराज सिंह, निकिता सूद एवं प्रियंशी बतौर सहयोगी फैकल्टी सदस्य उपस्थित रहे। आयोजन को सफल एवं व्यवस्थित बनाने में ज्योति राजपूत एवं अवनीश कुमार का विशेष सहयोग रहा।संस्थान के चेयरमैन अवनीश अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर अभिनव अग्रवाल, प्राचार्या डॉ. शिवानी, प्राचार्या डॉ. नीलावती एवं रजिस्ट्रार गौरव वर्मा ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ते हैं।

## शाही चाय कैंटीन का शुभारंभ



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता मौ. फुरकान खान ने नई तहसील पर शाही चाय कैंटीन का शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कैंटीन के स्वामी मौ. शादाब को मुबारक़बाद पेश की। इस अवसर पर नफीस अहमद, आफताब राइन, अफ़सर कुरैशी, हाफ़िज़ शादाब, समीर सहित काफ़ी संख्या में एडवोकेटस उपस्थित रहे।

## एमडीकेवी की तीन छात्राओं का मण्डल स्तर के लिए चयन



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर के मूर्ति देवी कन्या इंटर कॉलेज की छात्रा कु. यंशिका का ताईक्कांडों प्रतियोगिता एवं विद्यालय की छात्रा कु. शिवांगी, कु. कीर्ति, कु. इच्छा का चयन मण्डलीय स्तर क्रिकेट प्रतियोगिता में हुआ है। जिस पर विद्यालय के प्रबंधक नीरज जैन व कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती शबनम नसरीन एवं समस्त स्टाफ ने छात्राओं को मण्डल स्तर पर चयन होने पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# सहकारिता की राजनीति में चलता है चौ. हुकुम सिंह का सिक्का

शख्सियत

–मौ.इरशाद मलिक



हल्दौर (चिंगारी)। हल्दौर क्षेत्र की सहकारिता की राजनीति की नामचीन शख्सियत चौ.हुकुम सिंह (नांगल जट), का पिछले करीब 55 सालों से सहकारिता की राजनीति में वर्चस्व कायम है और वह विभिन्न सहकारी समितियों में दर्जनों पदों पर रहकर क्षेत्र के किसानों की निःस्वार्थ भाव से सेवा करते आ रहे हैं। चौ.हुकुम सिंह के सहयोग के बिना हल्दौर क्षेत्र की सहकारिता की राजनीति व कोई भी चुनाव संपन्न नहीं होता है।

क्षेत्र के ग्राम नांगल जट निवासी करीब 85 वर्षीय चौ. हुकुम सिंह हल्दौर क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति हैं। उनका हल्दौर क्षेत्र ही नहीं जनपद में सहकारिता की राजनीति में वर्चस्व रहा है। वह तीन बार किसान सेवा सहकारी समिति हल्दौर के चेयरमैन, तीन बार सहकारी संघ हल्दौर व एक बार सहकारी गन्ना विकास समिति हल्दौर के सबसे पहले निर्वाचित चेयरमैन रह चुके हैं। सहकारिता की राजनीति में उनकी बादशाहत हमेशा कायम रही है। वह सबसे पहले मात्र 31 वर्ष की आयु में क्षेत्रीय सहकारी समिति हल्दौर (अब किसान सेवा सहकारी समिति) के निर्विरोध संचालक निर्वाचित हुए। उसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और सहकारिता की राजनीति में आगे बढ़ते गए और क्षेत्र के लोकप्रिय किसान प्रतिनिधि बन गए।

चौ. हुकुम सिंह सन् 1974 से 77 तक सहकारी गन्ना विकास समिति चांदपुर के संचालक भी रहे। उसके बाद 15 जनवरी सन् 2003 को हल्दौर में स्थापित हुई सहकारी गन्ना विकास समिति हल्दौर के नामित बोर्ड में भी शासन के नामित संचालक रहे। 6 मई 2006 से 15 जुलाई 2009 तक वह सहकारी गन्ना विकास समिति हल्दौर के पहले निर्वाचित चेयरमैन बने। इसके अलावा चौ. हुकुम सिंह सन् 1974 से सन् 1994 तक लगातार 20 सालों तक क्रय विक्रय समिति हल्दौर के संचालक रहे तथा सन् 1989 से 1994 तक क्रय विक्रय समिति हल्दौर के चेयरमैन भी रहे। वह सन् 2002 से सन् 2017 तक तीन बार सहकारी संघ हल्दौर के चेयरमैन निर्वाचित हुए। सन् 1991 से सन् 2005 तक वह कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के संचालक भी रहे। चौ. हुकुम सिंह तीन बार जिला सहकारी बैंक बिजनौर व दो बार जिला सहकारी संघ बिजनौर के प्रतिनिधि भी बने। वह सन् 1972 से 1988 तक विकास खंड हल्दौर के प्रगतिशील कृषक भी रहे। इसके अलावा चौ. हुकुम सिंह सन् 1988 से सन् 1995 तक विकास खंड हल्दौर की ग्राम पंचायत नांगल जट के प्रधान भी रहे हैं।

## सादगी भरा जीवन

इतने महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए भी चौ. हुकुम सिंह का जीवन सादगी भरा है। किसान हित में हमेशा आवाज उठाना, किसानों की समस्याओं का समाधान कराना व समस्त क्षेत्रवासियों को पूरा मान सम्मान देना, उनके जीवन की प्राथमिकता रही हैं। चौ.हुकुम सिंह बताते हैं कि सहकारिता की राजनीति के इतने लंबे दौर में उनके साथ स्व.जगदीश चंद्र गहलौत (कूकड़ा) उनके परम सहयोगी रहे हैं।

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना
2. हाथ–पैर ऐंठ जाना
3. शरीर का अकड़ना
4. मुंह से झाग निकलना
5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना


डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब
M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association

(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION)
2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़–फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA)
3. शक की बीमारी, बार–बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D)
4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION)
5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM)
6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE)
7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423

## दोहावली : पितृ पक्ष



माला कंठी हाथ ले, करता घंटो जाप।
दो घड़ी नहीं पूंछता, कैसी हो माँ आप।।
छप्पन भोग बनाय के, पण्डित दिया जिमाय।
लो ऋण सारा चुक गया,अब ना पितर सताय।।
श्राद्ध करो या ना करो, बस रखो श्रद्धा भाव।
वाणी से ना दीजिए , कभी किसी को घाव।।
खुशियाँ अपनी मार जो, देते खुशी हजार।
वही बुढ़ापे में लगे, रद्दी और कबाड़।।
जीते जी न दिया कभी,मात-पिता को मान।
बाद बैठ चौपाल में, करता सुत गुणगान।।
सुंदर सी इक छवि बना, दिया कील पे टाँग।
पितृ पक्ष में करें सभी , तर- तरह के स्वाँग।।
कागा बैठ मुंडेर पे , देखे जग की रीत।
नित वाणी कड़वी लगे ,आज लगे संगीत ।।
मात पिता को भूल जग, पूज रहा पाषाण।
संत सभी कहते सदा, मान उन्हें भगवान ।।



–अंजलि गोयल अंजू
किरतपुर, बिजनौर
उत्तर प्रदेश

## वोट काटने वाली पार्टियों के झांसे में ना आएं, समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाएं: रफीक अंसारी

नजीबाबाद (चिंगारी)। सपा नेता हाजी रफीक अंसारी ने ग्राम पंचायत कमालपुर खाईखेड़ी में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। इस मौके सभी ग्राम वासियों ने हाजी रफ़ीक़ अंसारी का गर्मजोशी के साथ फूलमालाओ से स्वागत किया। सभा की अध्यक्षता हाजी नियाज़ अंसारी एवं संचालन शहजाद मलिक ने किया। ग्रामीणों से बातचीत के दौरान हाजी रफ़ीक़ अंसारी ने कहा कि आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील करते हुए कहा कि वह किसी के बहकावे में आकर अपना वोट खराब न करें तथा वोट काटने वाली पार्टियों के झांसे में न आएं। श्री अंसारी ने कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार को अगर कोई राजनीतिक रूप से चुनौती देकर सत्ता से बाहर करने की क्षमता रखता है, तो वह समाजवादी पार्टी है। इसलिए जनता को अपने वोट को बिखरने से बचाकर समाजवादी पार्टी को मजबूत करना होगा। इस मौके पर नियाज़ अहमद, जाहिद अंसारी, हामिद अंसारी, खालिद अहमद, साजिद अहमद, शराफ़त अंसारी, शाकिर अहमद, असलम अंसारी, शमशुद्दीन अंसारी, साबिर मलिक, आमिर अहमद, हकीमुल्लाह अंसारी, आरिफ अंसारी, इक़बाल अहमद, सईद अहमद, आमिर अहमद, शरीफ ठेकेदार, नईम अहमद, फरीद मलिक, इमरान अहमद, शोएब अहमद, नौसीन अंसारी आदि काफ़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## वनभूमि को किसी भी प्रकार की हानि हुई तो डीएफओ होंगे जिम्मेदार: चौधरी हेमेंद्र सिंह

नजीबाबाद (चिंगारी)। सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी हेमेंद्र सिंह ने डीएफओ नजीबाबाद को दिये पत्र में कहा है नांगल स्थित अविभाजित वनभूमि खसरा संख्या 416 मि0 जो आरक्षित वनभूमि है, जिसमें और भी हिस्सेदार हैं, में (बिना सीमांकन हुए ही अवैध सीमाएं व चकमार्ग दर्शाकर) हुए अवैध बैनामा 14 मई 2025 के नामांतरण वाद में न्यायालय नायब तहसीलदार नजीबाबाद में वन विभाग द्वारा 25 अगस्त 2025 को अपने नियुक्त अधिवक्ता से नामांतरण पर आपत्ति दर्जकर उक्त बैनामा अवैध/फर्जी बताए जाने के बावजूद लगभग एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी आज तक वन विभाग ने जानबूझकर बैनामा निरस्त/शून्य घोषित कराने हेतु वनभूमि के भू माफियाओं क्रेता विक्रेता को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से ना कोई वाद न्यायालय में दायर किया और ना ही कोई कार्रवाई शासन स्तर पर वनविभाग ने वनभूमि माफियाओं पर जालसाजी में की। हेमेंद्र चौधरी ने कहा है कि वन विभाग की इस भ्रष्टाचार में संलिप्तता, लापरवाही, रिश्वतखोरी, मिलीभगत के कारण वनभूमि के क्रेता के नाम पर वनभूमि का नामांतरण हुआ है तो इसमें वन विभाग ही पूर्ण दोषी है।

## बाजार आई महिला की हार्ट-अटैक से मौत

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद बाजार में खरीदारी करने आई एक महिला की अचानक हार्ट–अटैक से मौत हो गई। थाना नगीना देहात क्षेत्र के ग्राम हरगनपुर रायपुर निवासी मालती देवी पत्नी देवेंद्र अपने परिवार के साथ नगर के बाजार में खरीदारी करने आई थी। इसी दौरान महिला की अचानक तबियत बिगड़ गई। परिजन महिला को तुरंत निजी अस्पताल में उपचार के लिए ले गये। जहां चिकित्सकों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की अचानक मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया।

## किशनपुर आंवला में नमो सेवा कार्यक्रम का भव्य आयोजन

नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद विधानसभा के ग्राम किशनपुर आंवला में खास समिति के प्रांगण में भाजपा के सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नमो सेवा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन भाजपा की पूर्व क्षेत्रीय मंत्री श्रीमती लीना सिंघल ने किया। लीना सिंघल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास की नीति के आधार पर देश के सभी वर्गों के नागरिकों के सम्मान व विकास के लिए कार्य किया है। वह विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती लीना सिंघल को स्मृति चिन्ह भेंट कर विधानसभा कार्यक्रम संयोजक एवं पूर्व ब्लॉक प्रमुख अवधेश चौधरी तथा वरिष्ठ नेता विपिन राज चौहान ने सम्मानित किया। इस अवसर पर लखनऊ से आए नमो सेवा अभियान के निर्देशक डॉ. पंकज दर्पण, ललित पाल, सुशील चौहान, पिंकुर रघुवंशी, संजय चौहान, अनिता देवी, मंजू देवी, विनय चौहान, सोहित कुमार, अमित गौतम, कपिल चौधरी, दीपक उपस्थित रहे। संचालन ललित पाल ने किया।

# भ्रम फैला रही कांग्रेस, सब समझ रहा देश- साकेन्द्र

**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के जिला पंचायत अध्यक्ष नेता एवं प्रशासक साकेन्द्र प्रताप सिंह एवं जिला मंत्री विनोद राठी (पूर्व ब्लॉक प्रमुख) ने कांग्रेस समेत विपक्ष पर देश की संवैधानिक संस्थाओं को लगातार निशाना बनाने और जनता के बीच भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। जिला पंचायत कार्यालय में पत्रकारों से वार्ता करते हुए दोनों नेताओं ने कहा कि कांग्रेस अपनी राजनीतिक एवं संगठनात्मक कमजोरियों पर आत्ममंथन करने के बजाय प्रशासनिक और संवैधानिक विषयों को मुद्दा बनाकर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है।

भाजपा नेताओं ने चुनाव आयोग के हालिया संयुक्त बयान का हवाला देते हुए कहा कि आयोग ने स्पष्ट किया है कि उसके सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं। उनके अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त और दोनों चुनाव आयुक्तों द्वारा लिए गए निर्णयों, जिसमें स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) भी शामिल है, में पारदर्शिता बरती गई है। उन्होंने दावा किया कि फॉर्म-6 के स्व-घोषणापत्र को सुप्रीम कोर्ट द्वारा भी वैध ठहराया जा चुका है।

साकेन्द्र प्रताप सिंह और विनोद राठी ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर संवैधानिक संस्थाओं को लेकर लगातार सवाल उठाने का आरोप लगाया।


पत्रकारों से वार्ता करते हुए साकेन्द्र प्रताप व विनोद राठी।

उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान ईवीएम की पारदर्शिता पर सवाल उठाए गए, जबकि चुनाव आयोग इसकी सुरक्षा और विश्वसनीयता को लेकर स्पष्टीकरण देता रहा है। उन्होंने राफेल मामले में सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लेकर दिए गए बयानों और बाद में राहुल गांधी की ओर से बिना शर्त माफी मांगने का भी उल्लेख किया।

भाजपा नेताओं ने उरी सर्जिकल स्ट्राइक के बाद दिए गए बयानों, बालाकोट एयर स्ट्राइक के सबूत मांगे जाने तथा तवांग झड़प के दौरान दिए गए बयानों का उल्लेख करते हुए कांग्रेस पर सेना के शौर्य और मनोबल पर सवाल खड़े करने का आरोप लगाया।

## कांग्रेस से बिना शर्त माफी मांगने की मांग

**भाजपा नेताओं ने कहा कि चुनाव आयोग की ओर से स्थिति स्पष्ट किए जाने के बाद विपक्ष के आरोपों की वास्तविकता सामने आ गई है। उन्होंने कांग्रेस और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन से देश की जनता, सेना और संवैधानिक संस्थाओं को कथित रूप से भ्रमित करने तथा उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने के लिए बिना शर्त माफी मांगने की मांग की।**

धारा मोटर
फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ
और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
- तेज़ और आसान प्रक्रिया
- न्यूनतम दस्तावेज़
- आकर्षक ब्याज दर
- आसान EMI सुविधा
- शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
- सरकारी कर्मचारी
- प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
- नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# गांधी-शास्त्री जयंती पर होंगे अनेक कार्यक्रम

### स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान और गोष्ठियों का होगा आयोजन

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में बैठक कर 2 अक्टूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती गरिमापूर्ण ढंग से मनाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभागों को कार्य योजना बनाकर कार्यक्रम आयोजित करने को कहा। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी या उनके प्रतिनिधि के उपस्थित न होने पर डीएम ने नाराजगी जताई।

डीएम ने 1 से 15 अक्टूबर तक नगर निकायों और ग्राम पंचायतों में स्वच्छता पखवाड़ा चलाने के निर्देश दिए। 2 अक्टूबर को शहीद स्थल, गांधी व शास्त्री प्रतिमाओं तथा मलिन बस्तियों की सफाई कराने के साथ ग्राम पंचायतों में विशेष बैठक कर सरकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कराने को कहा।

जिला क्षय रोग अधिकारी को टीबी मरीजों को किट वितरित कराने तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को गांधीजी के विचारों पर निबंध प्रतियोगिता कराने के निर्देश दिए गए। होमगार्ड जवानों का स्वास्थ्य परीक्षण कराने को भी कहा गया। डीएम ने शास्त्रीजी के सादगीपूर्ण जीवन और 'जय जवान, जय किसान' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया।



### सुबह नौ बजे होगा ध्वजारोहण

एडीएम वित्त एवं राजस्व देवेंद्रपाल सिंह ने बताया कि सुबह नौ बजे सरकारी व अर्द्धसरकारी भवनों पर ध्वजारोहण और गांधी-शास्त्री के चित्रों पर माल्यार्पण होगा। 10 बजे नेहरू स्टेडियम में 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण होगा। गांधी पार्क में रामधुन, भजन, गोष्ठी व सामूहिक प्रार्थना और शक्ति चौराहे पर शास्त्रीजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। गांधी आश्रम में चरखा सूत कताई प्रतियोगिता, विभिन्न स्थानों पर टीकाकरण शिविर और राजकीय चिकित्सालय में फल वितरण होगा। दोपहर 12:30 बजे जिला चिकित्सालय में महारक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

## मसीत गांव की संपत्ति की एक अक्टूबर को होगी नीलामी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** न्यायालय एटीसी/सिविल जज (सीनियर डिवीजन), बिजनौर में विचाराधीन निष्पादन वाद संख्या 21/2008 में डिक्री के अनुपालन में ग्राम मसीत, परगना चांदपुर स्थित संपत्ति की नीलामी के आदेश जारी किए गए हैं। न्यायालय के आदेश के अनुसार संपत्ति की नीलामी एक अक्टूबर 2026, गुरुवार को सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक होगी। नीलामी में इच्छुक व्यक्ति निर्धारित समय और स्थान पर उपस्थित होकर बोली लगा सकता है। नीलामी की संपत्ति ग्राम मसीत में मदयून नंबर-1 के अंतर्गत है। इसमें खसरा संख्या 09 का 0.0517 हेक्टेयर, खसरा संख्या 12 मि. का 0.2450 एवं 0.0780 हेक्टेयर तथा खसरा संख्या 302 का 0.2566 हेक्टेयर रकबा शामिल है। नीलामी न्यायालय के नियमानुसार होगी और सक्षम न्यायालय के आदेश के अधीन रहेगी।

# विश्व रेबीज दिवस पर विवेक विश्वविद्यालय में कैंप का आयोजन

## 38 से अधिक परिवारों ने पालतू पशुओं को लगवाया एंटी-रेबीज टीका

**बिजनौर ( चिंगारी )। विश्व रेबीज दिवस के अवसर पर विवेक विश्वविद्यालय, बिजनौर के स्कूल ऑफ वेटरिनरी साइंसेज एंड एनिमल हसबेंड्री द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में विशेष एंटी-रेबीज कैंप का आयोजन किया गया। कैंप का उद्देश्य लोगों को रेबीज जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूक करना तथा पालतू पशुओं के नियमित टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी देना था।**

कैंप में बिजनौर एवं आसपास के क्षेत्रों से 38 से अधिक परिवार अपने पालतू पशुओं के साथ पहुंचे। विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा विशेषज्ञों एवं टीम द्वारा पालतू पशुओं की स्वास्थ्य जांच के साथ उन्हें एंटी-रेबीज वैक्सीन लगाई गई। इस दौरान पशु पालकों को पशुओं के नियमित टीकाकरण, स्वास्थ्य देखभाल, सुरक्षित पशु पालन तथा रेबीज से बचाव के उपायों के संबंध में आवश्यक जानकारी और परामर्श भी दिया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विवेक विश्वविद्यालय के कुलाधिपति अमित गोयल ने कहा कि रेबीज एक गंभीर बीमारी है, लेकिन जागरूकता, समय पर टीकाकरण और उचित सावधानियों के माध्यम से इससे बचाव संभव है। उन्होंने कहा कि पालतू पशुओं का नियमित टीकाकरण पशुओं के स्वास्थ्य के साथ-साथ उनके संपर्क में आने वाले परिवार के सदस्यों और समाज की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रो-चांसलर दीपक मित्तल, सीईओ अनिल शर्मा तथा सहज गोयल ने भी कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों और स्टाफ को संबोधित करते हुए विश्व रेबीज दिवस की उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

कुलपति प्रो. एन.के. गुप्ता ने कहा कि विवेक विश्वविद्यालय शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रमों को भी प्राथमिकता देता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अनुपम आजाद, डॉ.अंकित जायसवाल, दीक्षा सिंह, कुलदीप सचान, महेश कुमार शर्मा, निलेश सिरोहीया, सत्यपाल सिंह एवं सुश्री स्तिथि सिंह ने सक्रिय सहभागिता एवं महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

# भगत सिंह की जयंती पर चांदपुर में निकली भव्य तिरंगा यात्रा



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सरदार भगत सिंह स्मारक एवं शिव मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में शहीद-ए-आजम सरदार भगत सिंह की 119वीं जयंती पर नगर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर जनरल अजीत सिंह गहलोत, विशिष्ट अतिथि मेजर डॉ. अभिनव सिंह रहे।

सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मेजर जनरल अजीत सिंह गहलोत ने शहीद भगत सिंह के जीवन एवं उनके राष्ट्रप्रेम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगत सिंह ने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

विशिष्ट अतिथि मेजर डॉ. अभिनव सिंह ने सरदार भगत सिंह के जीवन संघर्ष और राष्ट्रप्रेम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भगत सिंह ने छोटी आयु से ही देश के प्रति जागरूकता और समर्पण का भाव अपने भीतर विकसित कर लिया था। उन्होंने विद्यार्थियों को देश के प्रति जागरूक रहने तथा राष्ट्रहित में अपने दायित्वों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष चौधरी मुनेश कुमार, कुमार सेन गौतम, जगत शर्मा, अरविंद लाम्बा, यशपाल सिंह, अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी राहुल चौधरी, चौ. कविता सिंह, नवनीत कुमार, मयंक सिंघल, आकाश मित्तल, प्रो. साधना, कृष्ण अवतार, सुभाषचंद्र वर्मा, सुबोध गुप्ता, मनिंदर पाल, मुकेश यादव, नरेश कुमार, धीर सिंह यादव, रोहित सिंह, हरिओम आदि मौजूद रहे। वीरांगना श्रीमती पुष्पा देवी और बलेश देवी को मुख्य अतिथि मेजर जनरल अजीत गहलौत व मेजर डा. अभिनव सिंह आदि द्वारा सम्मान किया गया।

# घर में घुसकर हमला व अश्लील हरकत करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा ( चिंगारी )।** घर में घुसकर गाली-गलौज, धारदार हथियार और डंडों से हमला करने तथा महिला से अश्लील हरकत करने के मामले में स्योहारा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया।



जानकारी के अनुसार, 4 सितंबर को एक महिला ने थाना स्योहारा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि जलील अहमद के पुत्र वकील और नबील समेत चार आरोपी उसके घर में घुस आए। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए महिला के पुत्र नईम और शमीम पर धारदार हथियार व डंडों से जान से मारने की नीयत से हमला किया। इसके अलावा महिला की पुत्रवधू के साथ अश्लील हरकत करने का भी आरोप लगाया गया था। तहरीर के आधार पर थाना स्योहारा में संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने मामले में वांछित आरोपी वकील पुत्र जलील अहमद और नबील पुत्र जलील अहमद, निवासी मोहल्ला शेखान, सहसपुर, थाना स्योहारा को गिरफ्तार कर लिया। मामले में अन्य जरूरी कार्रवाई जारी है।

# नूरपुर में हुआ बेसिक शिक्षकों का बैडमिंटन टूर्नामेंट

**नूरपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय जीटीबी पब्लिक स्कूल में रविवार को बेसिक टीचर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जिले के सभी ब्लॉकों से बेसिक शिक्षा विभाग के लगभग 60 से 65 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विभिन्न श्रेणियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया और मैदान पर अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया।




प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि नूरपुर चेयरमैन महेंद्र प्रताप सिंह ने विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षण कार्य के साथ-साथ खेलों से जुड़े रहना मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए बेहद जरूरी है।

टूर्नामेंट के परिणाम इस प्रकार रहे-पुरुष वर्ग : अंडर-40 (एकल)- अनंत जैन (विजेता), शरद कुमार (उपविजेता)- अंडर-40 (युगल)-शरद कुमार एवं अमित (विजेता), शशांक एवं प्रियांक (उपविजेता)-अबोव-40 (एकल)- राहुल चौहान (विजेता), सलीम साबरी (उपविजेता)-अबोव-40 (युगल)- सलीम साबरी एवं रविंद्र कुमार (विजेता), राहुल चौहान एवं संजय राणा (उपविजेता)-महिला वर्ग : अंडर-40 (एकल)-मोहसिना (विजेता), पारुल त्यागी (उपविजेता)- प्रतियोगिता को सफल बनाने में आयोजक गौरव चौहान एवं सूर्यांश कुमार की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम को सुचारू रूप से संपन्न कराने में मनोज बंसल, विकास वर्मा, रचित चौहान, गुलमेंश , तुषार यादव, शुभम कुमार एवं विपिन कुमार का विशेष सहयोग रहा। अंत में आयोजकों ने जीटीबी पब्लिक स्कूल के मैनेजर मनदीप सिंह का उत्कृष्ट व्यवस्थाओं और सहयोग के लिए विशेष आभार प्रकट किया।

# ट्रेन की चपेट में आकर घायल

**स्योहारा ( चिंगारी )।** आज सुबह करीब 5:30 बजे ग्राम सुल्तानपुर फाटक के पास एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई। पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंची और घायल व्यक्ति को तत्काल एम्बुलैंस के माध्यम से उपचार हेतु सीएससी स्योहारा चिकित्सालय भेजा गया, जहां से चिकित्सक के द्वारा उपचार कर जिला अस्पताल को रैफर किया गया। पुलिस द्वारा घायल व्यक्ति की पहचान सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। घटना की परिस्थितियों एवं कारणों के संबंध में जांच प्रचलित है।

# खासपुरा में कल निकलेगी शोभायात्रा

**खासपुरा ( चिंगारी )।** कल बुधवार को सुबह 8 बजे से कलश यात्रा निकली जाएगी। शिव मंदिर खासपुरा से प्रारंभ होकर गांव की गलियों से होते हुए शोभायात्रा साईं मंदिर पर समाप्ति होगी। साईं मंदिर के वरिष्ठ कार्यकर्ता शुभम कर्णवाल ने बताया कि यह यात्रा इस वर्ष तीसरी शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा की समाप्ति के बाद साईं मंदिर में श्री भागवत गीता का पाठ प्रारंभ होगा, जिसकी समाप्ति अगले सप्ताह 6 अक्टूबर को होगी, और प्रसाद वितरण कार्यक्रम 7 अक्टूबर दिन बुधवार को सुबह 10 बजे से किया जाएगा। भागवत कथा के लिए कथा वाचक के लिये वृंदावन से श्री गोपाल गुरु यहां पहुंच रहे हैं। इस अवसर पर वीर सिंह सैनी, अनीता शर्मा व शुभम कर्णवाल आदि मौजूद रहे।

# युवाओं को वैदिक मूल्यों से जोड़ने पर जोर

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** आर्य वीर दल के तत्वावधान में माढ़ी पुट्ठा स्थित प्राचीन शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में वैदिक यज्ञ, भजन एवं प्रेरणादायक विचारों के माध्यम से युवाओं को संस्कार, चरित्र एवं अनुशासन का संदेश दिया गया।



कार्यक्रम में अमित शास्त्री ने वैदिक यज्ञ एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि युवा केवल शिक्षा से नहीं, बल्कि संस्कार, सत्य, संयम और अनुशासन से श्रेष्ठ व्यक्तित्व का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और वैदिक मूल्यों से जोड़ना समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। अच्छे संस्कारों से ही व्यक्ति के चरित्र का निर्माण होता है और चरित्रवान युवा ही समाज एवं राष्ट्र को सही दिशा दे सकते हैं।

आर्य वीर दल के संचालक राजवीर आर्य ने युवाओं को संबोधित करते हुए अनुशासन, परिश्रम, चरित्र एवं राष्ट्रहित को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। उन्होंने युवा शक्ति को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ाने तथा समाज में रचनात्मक कार्यों के लिए युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

आचार्य संजीव ने वैदिक संस्कृति एवं संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों और युवाओं में नैतिक मूल्यों का विकास मजबूत समाज की नींव है। इस अवसर पर छवि आर्या ने प्रेरणादायक भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी, जिससे वातावरण भक्तिमय एवं संस्कारमय हो गया। कार्यक्रम में आर्य वीर दल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं सहित माढ़ी पुट्ठा, शेरपुर, कल्याण जोगी एवं औंधा क्षेत्र के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# बारिश ने बिगाड़ी मंडावर-किशनबास की राह, क्षेत्रवासी भर रहे आह



**मंडावर ( चिंगारी )।** पहाड़ी क्षेत्रों से लेकर मैदानी इलाकों तक तीन दिन तक लगातार हुई मूसलाधार बारिश का असर आम जनजीवन पर साफ दिखाई दे रहा है। लगातार बारिश के चलते मंडावर कस्बे से गांव किशनबास और नई बस्ती की ओर जाने वाला मार्ग जगह-जगह जलमग्न हो गया है। सड़क पर कई जगह पानी भर जाने से आवागमन बुरी तरह प्रभावित है। घरों के आसपास से लेकर मुर्गी फार्म, लकड़ियों की टाल और सड़क तक पानी ही पानी नजर आ रहा है। मंडावर कस्बे से जुड़े ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों के लिए यह मार्ग रोजमर्रा की जरूरतों का प्रमुख रास्ता है। ग्रामीण अपने खेतों पर जाने के साथ-साथ राशन, दवाई, सब्जी, बच्चों की पढ़ाई और अन्य आवश्यक सामान के लिए मंडावर कस्बे पर निर्भर हैं। लेकिन सड़क पर भारी जलभराव के कारण ग्रामीणों का आवागमन मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार मंडावर से किशनबास जाने की दूरी महज करीब 900 मीटर है, लेकिन सड़क पर पानी भरने के कारण उन्हें वैकल्पिक रास्ते से घूमकर करीब 3 से 4 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है। इससे ग्रामीणों का समय और पैसा दोनों अधिक खर्च हो रहे हैं। सबसे अधिक परेशानी बीमार लोगों, बुजुर्गों और रोजाना मजदूरी अथवा जरूरी काम से कस्बे आने-जाने वाले ग्रामीणों को उठानी पड़ रही है। किसानों की भी बढ़ी परेशानी जलभराव के कारण मंडावर कस्बे से अपने खेतों की ओर जाने वाले किसानों के सामने भी परेशानी खड़ी हो गई है। खेतों तक पहुंचने वाले रास्तों पर पानी भरने से किसान अपने खेतों में समय से नहीं पहुंच पा रहे हैं। लगातार बारिश के बीच फसलों की निगरानी और जरूरी कृषि कार्य करना भी चुनौती बन गया है।

## जिलाधिकारी ने कहा...

**जिलाधिकारी उमेश प्रताप सिंह से चिंगारी संवाददाता से हुई वार्ता में बताया कि मंडावर से कई गांवों का लिंक जल भराव की वजह से टूटा हुआ है और किसानों सहित स्कूली बच्चों को भारी परेशानी हो रही है इसकी मुझे जानकारी नहीं थी, जल्द एक टीम गठित कर समाधान कराया जाएगा और जल्द टीम मौके पर जाकर निरीक्षण करेगी।**

## ग्राम प्रधान का कहना है...



**ग्राम प्रधान किशनबास मौ. असलम ने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल जाने वाले बच्चों को हो रही है। सड़क पर पानी होने के कारण बच्चों को आने-जाने में काफी दिक्कत होती है। कभी भी कोई भी हादसा हो सकता है। वही जो रास्ता मात्र 900 मीटर में तय होता है उसी को 3 से 4 किलो मीटर तय कर मंडावर पहुंचना पड़ रहा है।**

## स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी

**मंडावर से जुड़े किशनबास और नई बस्ती के स्कूली बच्चों को भी जलभराव के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर पानी जमा होने से बच्चों को स्कूल आने-जाने में दिक्कत हो रही है। अभिभावकों को भी बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।**

## घूमकर जाना पड़ रहा



ग्रामीण हाफ़िज़ रफ़ीक अहमद ने बताया कि मंडावर से हमारे गांव की दूरी करीब 900 मीटर है, लेकिन पानी भरने के कारण हमें कई किलोमीटर घूमकर जाना पड़ रहा है। रोजमर्रा के सामान और दवाई तक के लिए मंडावर आना पड़ता है।



वरिष्ठ सभासद दुलीचंद ने बताया कि बारिश के कारण रास्ता पूरी तरह पानी में डूब गया है। किसानों का खेतों तक पहुंचना मुश्किल हो गया है। प्रशासन को जल्द से जल्द पानी की निकासी की व्यवस्था करानी चाहिए।

# ऑनलाइन शॉपिंग के विरोध में लामबंद हो रहे व्यापारी

## ऑनलाइन व्यापार छोटे व्यापारियों के लिए बड़ा संकट



## स्थानीय बाजार को बचाने की उठाई आवाज

**बिजनौर ( चिंगारी )।** सोमवार को व्यापारी एकता परिषद एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में संगठन के संस्थापक अध्यक्ष राहुल वर्मा एवं जिला अध्यक्ष मानव अनुज शर्मा उपस्थित रहे। बैठक का संचालन नगर प्रवक्ता धीरज सैनी ने किया, जबकि अध्यक्षता नगर अध्यक्ष विपिन वर्मा ने की। बैठक में सबसे पहले व्यापारियों ने ऑनलाइन शॉपिंग न करने की शपथ ली। ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते चलन और ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा दिए जा रहे भारी डिस्काउंट के विरोध में स्थानीय व्यापारी मुखर होने लगे हैं। व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर मिलने वाली छूट और घर बैठे खरीदारी की सुविधा के कारण ग्राहकों की संख्या बाजारों में लगातार प्रभावित हो रही है। इसका सीधा असर छोटे दुकानदारों, कर्मचारियों और स्थानीय कारोबार से जुड़े अन्य लोगों पर पड़ रहा है। व्यापारियों ने कहा कि स्थानीय दुकानदार दुकान का किराया, बिजली, कर्मचारियों का वेतन, टैक्स और अन्य खर्च वहन करते हैं, जबकि ऑनलाइन कंपनियों की आक्रामक कीमत नीति से उनके लिए प्रतिस्पर्धा करना मुश्किल हो रहा है। इससे छोटे और मध्यम व्यापारियों के सामने कारोबार बचाने की चुनौती खड़ी हो रही है। व्यापारियों ने कहा कि स्थानीय बाजार केवल खरीद-बिक्री का केंद्र नहीं, बल्कि रोजगार और शहर की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार भी है। उन्होंने ग्राहकों से स्थानीय दुकानदारों से खरीदारी कर बाजार को मजबूत बनाने की अपील की।

## पदाधिकारी मनोनीत किये

**बैठक में संगठन के द्वारा सदस्यता अभियान को जारी रखते हुए कुछ मनोनयन किए गए, जिसमें विनोद वर्मा जूही ज्वैलर्स को नगर सचिव, विष्णु वर्मा को नगर संरक्षक, आलोक कुमार रस्तोगी को संरक्षक, बिनु मारवाड़ी को संरक्षक, हिरदेश चौहान प्रकाश डिपो को संरक्षक, नीरज वर्मा ऑफ नीलू को संगठन का सदस्य, मोहम्मद नसीब को संगठन का सदस्य, राकेश वर्मा कपड़े वालों को संगठन का संरक्षक मनोनीत किया।**

# बाबा जितेन्द्र नाथ का जन्मदिन मनाया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र के गांव असदपुर धमरौली में स्थित बाबा जितेंद्रनाथ आश्रम पर गुरु जितेंद्र नाथ जी का जन्मदिन बड़ी धूमधाम से मनाया गया। सोमवार को प्रात: 9 बजे आश्रम के पुजारी राममुनी ने हवन पूजा कर सुख समृद्धि की प्रार्थना की। भजन कीर्तन का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर आयोजित विशाल भंडारे में क्षेत्र से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सुरेंद्र चौधरी, कोमल सिंह यादव, ओंकार यादव, देवेंद्र सिंह, रिंकू सैनी, देवराज कमल, अभिंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।



भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

# कल्लूवाला में वनकर्मियों से आंख मिचौनी खेल रहा गुलदार

## पिंजरे से कुछ दूर बछड़े को मार डाला



पिंजरा लगाते वनकर्मी।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** अमानगढ़ वन रेंज क्षेत्र के ग्राम कल्लूवाला में गुलदार वनकर्मियों से आंख मिचौनी खेल रहा है। कई दिन पूर्व गुलदार की बढ़ती आवाजाही के मद्देनजर ग्रामीणों की शिकायत पर वनकर्मियों ने देवेंद्र सिंह के खेत के पास पिंजरा लगाया, मगर गुलदार शायद वनकर्मियों की मंशा को भांप गया और जगह बदलकर अपना काम करने लगा। ग्राम प्रधान अमरीक सिंह के मुताबिक कल प्रात: भी गुलदार ने पिंजरे से कुछ फासले पर एक लावारिस बछड़े को मार डाला। गुलदार जगह-जगह हमले कर रहा है। 10-20 जगह की शिकायतों के बाद वनकर्मी इक्का दुक्का स्थान पर पिंजरा लगाकर उसी को अपनी मुकम्मल जिम्मेदारी समझ ले रहे हैं, जो इस समस्या के समाधान के लिए पर्याप्त नजर नहीं आती है। वन क्षेत्राधिकारी अमानगढ़ अंकिता किशोर का कहना है कि ग्रामीणों की शिकायत पर आवश्यक कार्यवाही समय रहते की जा रही है। ग्रामीणों की सूचना पर सुरक्षा के मद्देनजर कल्लूवाला में भी पिंजरा लगाया है फिर भी उन्होंने ग्रामीणों से सतर्कता बरतने का आह्वान किया है।



अंकिता किशोर

# अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत पर हंगामा

## डाक्टर पर लापरवाही बरतने का आरोप, अस्पताल सीज

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )। यहां एक निजी अस्पताल में जच्चा-बच्चा की मौत पर खूब हंगामा हुआ। मृतका के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टर पर गलत इलाज करने का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिये। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर अस्पताल को सीज कर दिया।**

क्षेत्र के गांव मौजपुर हरवंश उर्फ रहमापुर निवासी धनंजय अपनी पत्नी राधा को प्रसव के लिए कोतवाली देहात में पित्तनहेड़ी-नहटौर रोड पर स्थित नवजीवन हॉस्पिटल में डिलीवरी के लिये भर्ती कराया था। आरोप है कि गलत इंजेक्शन लगाने के चलते राधा की हालत बिगड़ गई और जच्चा बच्चा दोनों की मौत हो गई। इस घटना से मृतका के परिजनों में आक्रोश व्याप्त हो गया। स्वास्थ्य विभाग पर भी सवाल उठाये जा रहे हैं। कोतवाली देहात में आए दिन किसी न किसी अस्पताल में घटनाएं घटती रहती हैं।

मृतका के पति धनंजय ने बताया कि उनकी पत्नी का यहां पहले से ही इलाज चल रहा था। डिलीवरी के लिये लाने पर अस्पताल में इंजेक्शन लगाया और ऑपरेशन थिएटर ले गए। पांच मिनट बाद डॉक्टरों ने उसे बुलाकर बताया कि हालत खराब है। धनंजय ने आरोप लगाया कि डॉक्टर के गलत इंजेक्शन और दवाई देने से मौत हुई है। डॉक्टर मौके से फरार हो गया। मृतका के परिजन अस्पताल के सामने दरी बिछाकर धरने पर बैठ गये। आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ता भी धरने पर बैठ गये। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर भीड़ को नियंत्रित किया। लोगों ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर भी सवाल उठाये हैं। आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग की मिलीभगत से फर्जी अस्पताल चलाये जा रहे हैं। अस्पतालों की निगरानी की कोई व्यवस्था नहीं है। नोडल अधिकारी ने महीना बांध रखा है। आरोपी डाक्टर के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग के विरुद्ध भी कार्यवाही होनी चाहिए। उधर, स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी टीम के साथ पहुंचे तथा अस्पताल को सीज कर दिया। आरोपी चिकित्सक के विरुद्ध कार्रवाई की बात कही गई है।





पत्नी के शव से लिपटकर रोते हुए धनंजय।

## एक अक्टूबर को काकरान वाटिका में होगा वरिष्ठ नागरिक महासम्मेलन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वरिष्ठ नागरिक (पंजी.) बिजनौर की कार्यकारिणी की मासिक बैठक डा. एस.सी. तोमर की अध्यक्षता में आहूत हुई। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस पर एक अक्टूबर 2026 को प्रातः 10 बजे से काकरान वाटिका बिजनौर में वार्षिक वरिष्ठ नागरिक महासम्मेलन करने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री ऐश्वर्य मौसम चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि हेतु मेजर जनरल अजीत सिंह गहलौत (सेवानिवृत्त) होंगे। अध्यक्ष डा. एस.सी. तोमर द्वारा सभी संरक्षक एवं आजीवन सदस्यों को 01.10.2026 को प्रातः 10 बजे से काकरान वाटिका बिजनौर में समिति द्वारा प्रदत्त परिचय पत्र सहित उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया गया है। बैठक में महासचिव सुरेश कुमार राजपूत, एस.पी. रस्तौगी, जागेश्वर प्रसाद, राममोहन सिंह, वी. के. शर्मा, ऋषिपाल सिंह, वी.के. त्यागी, पी. के. गुप्ता, अम्बरीश कुमार, घनश्याम सिंह राजपूत, बलजीत सिंह, सुरेश कुमार भुईयार आदि उपस्थित रहे।


ऐश्वर्य मौसम चौधरी


अजीत सिंह गहलौत

## जिलाधिकारी से मिले पूर्व सैनिक

**बिजनौर ( चिंगारी )।** महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन, बिजनौर, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने जनपद के नवनियुक्त जिलाधिकारी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर एसोसिएशन की ओर से जिलाधिकारी को शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। मुलाकात के दौरान पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर संक्षिप्त चर्चा हुई। एसोसिएशन के संरक्षक खासपुरा निवासी यशपाल सिंह, अध्यक्ष अरविंद कुमार लांबा सहित पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के समक्ष पूर्व सैनिक हितों से संबंधित अपनी अपेक्षाएं भी रखीं।




## पिथौरागढ़ में 24 साल में करीब 400 लोग HIV संक्रमित चिन्हित, बुजुर्गों में भी बढ़ रहे मामले

**पिथौरागढ़ ( चिंगारी )।** उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जिले में HIV संक्रमण को लेकर स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े चिंता बढ़ाने वाले हैं। वर्ष 2002 से सितंबर 2026 तक जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से करीब 400 HIV संक्रमित लोगों को चिन्हित किए जाने की जानकारी सामने आई है। हालिया रिपोर्टों के अनुसार कोरोना महामारी के बाद नए मामलों में तेजी देखी गई है और अब हर साल 25 से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार चिन्हित संक्रमितों में 60 से 75 वर्ष की आयु के करीब 35 बुजुर्ग भी शामिल हैं। इससे स्पष्ट है कि HIV संक्रमण को लेकर केवल युवा वर्ग ही नहीं, बल्कि अन्य आयु वर्गों में भी जागरूकता और सुरक्षित व्यवहार पर ध्यान देने की जरूरत है। स्वास्थ्य विभाग की निदेशक शिखा जंगपांगी ने बताया कि HIV संक्रमण के प्रमुख कारणों में एक ही सुई या सिरिंज का बार-बार इस्तेमाल और असुरक्षित तरीके से टैटू बनवाना शामिल है। विशेष रूप से सड़क किनारे लगने वाले मेलों या अस्थायी स्थानों पर टैटू बनवाते समय स्वच्छता और इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरणों की सुरक्षा को लेकर सावधानी बरतना जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि HIV को लेकर डर या भेदभाव के बजाय सही जानकारी और समय पर जांच को प्राथमिकता दी जाए। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक HIV संक्रमण का समय पर पता चलने पर ART (एंटीरेट्रोवायरल थेरेपी) दवाओं के माध्यम से वायरस को नियंत्रित रखा जा सकता है। नियमित उपचार और चिकित्सकीय सलाह का पालन करने वाले संक्रमित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकते हैं।


शिखा जंगपांगी

## नुक्कड़ नाटक के जरिये पीएम मोदी की उपलब्धियों का मंचन किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज मंगलवार को धामपुर में नाट्य निर्देशक डॉ. पंकज दर्पण अग्रवाल के दिशा निर्देशन में लखनऊ से पहुंची भगवा वस्त्र धारी नाट्य कर्मियों की टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से देश के वर्तमान हालातों तथा प्रत्येक नागरिक की समाज देश एवं राष्ट्र के प्रति प्रदर्शित की जाने वाली भूमिका का प्रदर्शन किया। आरएसएम डिग्री कॉलेज के मुख्य द्वार पर भारतीय जनता पार्टी के धामपुर मंडल की ओर से आयोजित कार्यक्रम में पूर्व भाजपा विधायक इंद्रदेव सिंह ने सेवा संकल्प अभियान की चर्चा की। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के धामपुर मंडल अध्यक्ष दीपक अग्रवाल ,भाजपा के महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री डॉ रश्मि शर्मा रावल, भाजपा की जिला मंत्री मिथिलेश चौधरी आदि ने विचार भी व्यक्त किए। कार्यक्रम के धामपुर विधानसभा क्षेत्र के संयोजक धर्मवीर सिंह चौहान, भाजपा के धामपुर मंडल महामंत्री अनिल कुमार शर्मा तथा मंडल मंत्री नमन जैन, मयंक अग्रवाल सुरेश सैनी सोनी आढती सचिन जोशी विश्व हिंदू महासंघ के जिला मंत्री गोपाल सिंह नरेंद्र सिंह ठाकुर श्याम सिंह चौहान डॉक्टर जयप्रकाश सिंह चड्ढा नागेश्वर दयाल गहलोत सुशील अग्रवाल सिल्लू सुभाष देवरा मुकीम मलिक नींदडू ग्राम चक शहजानी के प्रधान ईश्वर सिंह सैनी हरकेश सिंह ओम प्रकाश सैनी रमेश सिंह राकेश सिंह तेजवीर सिंह रामानंद आदि उपस्थित रहे।

**नाटक टीम:- लखनऊ से पधारी नाट्य कर्मियों की टीम में विधि रस्तौगी, अमित वैष्णव, नैना ठाकुर, त्रिलोचन सिंह, अंजलि रानी, प्रतिमा रानी, आकाश कश्यप, अभिषेक कुमार, पंकज कुमार, प्रियंजल तोमर, विनोद कुमार वर्मा आदि शामिल रहे। इस कार्यक्रम के बाद नगीना चौराहा तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रतिमा स्थल पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए।**



कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए कलाकार



## राशिफल

### विमल जैन

**हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता**
**फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्**

**बुधवार, 30 सितम्बर 2026**

मेष- संकल्प सिद्धि का प्रयास, शुभ विचारों का उदय, आत्मिक शांति, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, भौतिक सुख के साधन सुलभ, उपहार या सम्मान का लाभ।

वृषभ- व्यावसायिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त, व्यक्तिगत समस्याओं का समापन, हर्षोल्लास का वातावरण, सामाजिक कार्यों में सफलता, पुराने विवाद का समापन।

मिथुन- ग्रहयोग बेहतर, पारस्परिक सम्बन्धों में मधुरता, दाम्पत्य जीवन सुखमय, कठिनाइयों का निवारण, शुभ कार्य हेतु व्यय, धन का प्रतिफल प्राप्त, यात्रा सुखद।

कर्क- समस्याओं से परेशानी, भौतिक सुख में न्यूनता, आर्थिक लेन-देन में नुकसान, स्पष्टवादिता घातक, व्यर्थ के भागदौड़ में समय नष्ट, जल्दबाजी का निर्णय अहितकर।

सिंह- सफलता का मार्ग प्रशस्त, लाभ का सिलसिला, विशिष्टजनों से सम्पर्क, नवसमाचार की प्राप्ति, परिवार में सुख-शांति, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर।

कन्या- विचारित कार्यों में प्रगति, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु अधिक खर्च, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, प्रियजनों -मित्रों से विचार-विमर्श, विवाद का समापन।

तुला- सद्‌विचारों का उदय, योजना फलीभूत, पारिवारिक वातावरण अनुकूल, आपसी सद्‌भाव, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, उपहार या सम्मान का लाभ।

वृश्चिक-सोचे हुए कार्य अधूरे, मानसिक उलझनें, वैचारिक अस्थिरता, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, मित्रों से गलतफहमी, धनागम में बाधा, व्यर्थ भ्रमण से समय नष्ट।

धनु- मनोभिलाषित योजना में अनुकूलता, आपसी सम्बन्धों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, राजनीतिक गतिविधियों की ओर अभिरुचि, किसी पुराने विवाद का समापन।

मकर- कार्य-व्यवसाय में सफलता, सद्‌विचारों का उदय, परोपकार की भावना जागृत, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, किसी योजना में सम्मिलित होने का सुयोग, यात्रा।

कुम्भ- आत्मशक्ति का विकास, जिम्मेदारियों की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, धन संचय की ओर प्रवृत्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, आनन्द की अनुभूति, स्वाध्याय में रुचि।

मीन- पूँजी का प्रतिफल न मिलने से अशांति, स्वास्थ्य में व्यवधान, आहार-विहार की अनियमितता से कष्ट, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, इच्छित पद-प्राप्ति में अड़चनें।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,**
**वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन**
**भोजूबीर, वाराणसी-221002,**
**मो. : 09335414722**

# काटे-चाटे स्वान के दुहू भांति विपरीत

## मिथ को भूल जाएं, 15 मिनट साबुन से धोयें और वैक्सीन लगवाएं

**-हेमंत चौधरी, मुरादाबाद**

अगर कुत्ता चाट ले या काट ले तो तुरंत बहते पानी में 15 मिनट तक साबुन के साथ सफाई करें और चिकित्सालय में तत्काल जाएं। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा लगातार इस घातक रोग से होने वाले मृत्यु को बचाने के लिए कार्य किया जा रहा है। जानवरों के वैक्सीनेशन, जागरूकता फैलाने, चिकित्सा कर्मियों को शिक्षित करने का कार्य राष्ट्रीय रेबीज कंट्रोल प्रोग्राम और विभिन्न संस्थाओं के सहयोग से किया जा रहा है।

'काटे-चाटे श्वान के दुहु भांति विपरीत' यह लाइन बिल्कुल सत्य है, परंतु 'कुत्ते के काटने से डर नहीं लगता साहब, डर लगता है इंजेक्शन लगवाने से', ये बात आपने जरूर सुनी होगी, यह बिल्कुल ही सत्य नहीं है!




पहली बात तो यह है कि अब कुत्ते का इंजेक्शन पेट में नहीं लगता, जिससे लोग डरते थे। अब कुत्ते के काटने के बाद जो वैक्सीन लगती है, वह वैक्सीन चमड़े के ठीक नीचे और बहुत कम मात्रा में हाथों में लगाई जाती है। अत: अब इसमें डरने की कोई आवश्यकता नहीं रही। एक बात और कि रेबीज होने के बाद इसमें मृत्यु की संभावना शत-प्रतिशत तक है, वहीं समय पर वैक्सीन लेने से इससे बचा जा सकता है।

### रेबीज के लक्षण -

रेबीज का इनक्यूबेशन पीरियड आमतौर पर 2-3 महीने होता है, लेकिन वायरस के प्रवेश के स्थान और वायरल लोड जैसे कारकों के आधार पर एक सप्ताह से एक वर्ष तक भिन्न हो सकती है। रेबीज के शुरुआती लक्षणों में बुखार, दर्द और घाव वाली जगह पर असामान्य या अस्पष्टीकृत झुनझुनी, चुभन या जलन जैसी सामान्य निशानियां शामिल हैं। जैसे-जैसे वायरस केंद्रीय तंत्रिका तंत्र में जाता है, मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी में प्रगतिशील और घातक सूजन विकसित होती है।

### रेबीज के प्रकार -

रेबीज दो प्रकार की होती है

Furious rabies - (फ्यूरियस रेबीज)

अति सक्रियता, उत्तेजक व्यवहार, मतिभ्रम, समन्वय की कमी, हाइड्रोफोबिया (पानी का डर) और

### विश्व रेबीज दिवस



एरोफोबिया (ड्राफ्ट या ताजी हवा का डर)। कार्डियो-श्वसन अरेस्ट के कारण कुछ दिनों के बाद मृत्यु हो जाती है।

**Paralytic rabies**
**(पैरालिटिक रेबीज)**

कुल मानव मामलों में से लगभग 20 प्रतिशत मामलों में इस प्रकार का रेबीज होता है। रेबीज का यह रूप उग्र रूप की तुलना में कम नाटकीय और आमतौर पर लंबे समय तक चलता है। घाव वाली जगह से शुरू होकर मांसपेशियां धीरे-धीरे लकवाग्रस्त हो जाती हैं। धीरे-धीरे कोमा विकसित होता है और अंतत: मृत्यु हो जाती है। समस्या यह है कि रेबीज के लकवाग्रस्त रूप का अक्सर गलत निदान किया जाता है, जिससे बीमारी की कम रिपोर्टिंग होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन कहता है कि अगर एक बार केंद्रीय तंत्रिका तंत्र (सेंट्रल नर्वस सिस्टम) में वायरस का संक्रमण हो गया तो यह शत-प्रतिशत मौत का कारक हो सकती है। और यह भी सत्य है कि अगर तत्काल post e&posure prophylaxis (PEP) दिया जाए तो इसे सेंट्रल नर्वस सिस्टम तक जाने से रोका जा सकता है अर्थात मृत्यु को रोका जा सकता है। घाव को 15 मिनट तक बहते पानी से डिटेरजेंट द्वारा धुलना, गाइडलाइन में दिए गए समय के अनुसार वैक्सीन का लगाया जाना और यदि जरूरत हो तो इम्यूनोग्लोबिन का लगाया जाना पोस्ट एक्सपोजर प्रोफाइलेक्सिस में सम्मिलित है ।

### आंकड़े क्या कहते हैं

WHO के अनुसार मनुष्यों में 99 प्रतिशत रैबीज कुत्ते के काटने और खरोचने से ही होती है। कुत्ते को वैक्सीन लगाकर और खुद को काटने से बचाकर इस रोग से पूर्ण रूपेण बचा जा सकता है। 15 वर्ष से छोटे बच्चे ज्यादातर इसके शिकार होते हैं। आंकड़ों के अनुसार कुल मरीजों के 40 प्रतिशत संख्या इस उम्र वाले बच्चों की है।

### किसके काटने से फैलता है?

प्रमुख रूप से रेबीज से संक्रमित कुत्ते, बिल्ली, बंदर या जंगली जानवर के काटने, खरोच मारने या खुली चमड़ी पर चाटने से अर्थात सीधे mucosa के संपर्क में आने जैसे आंख, मुंह या कोई घाव को चाट लेने से भी हो सकता है। वैश्विक स्तर पर रेबीज से प्रतिवर्ष लगभग 59000 मृत्यु हो रही है, जबकि बहुत सारे ऐसे भी मामले होते हैं जिन्हें रिपोर्ट नहीं किया जाता।

### क्या करें जब कुत्ता या जानवर काट ले?

तुरंत बाद जल्द से जल्द घाव को किसी भी डिटर्जेंट के साथ लगभग 15 मिनट तक बहते पानी में धोते रहें जिससे ज्यादा से ज्यादा लार को हटाया जा सके।

### नजदीकी चिकित्सालय से संपर्क करें।

**उत्तर प्रदेश के सभी चिकित्सालयों यथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व अन्य चिकित्सालयों में एंटी रेबीज वैक्सीन नि:शुल्क लगाई जाती है।**

### क्या न करें ?

घाव पर मिर्च या अन्य कुछ भी न लगाएं। कोई पट्टी न बांधे। दिये गये गाइडलाइन के अनुसार टांका यथासंभव नहीं लगाया जाता है, लेकिन यदि बहुत आवश्यकता है तो इम्यूनोग्लोबुलीन लगाने के उपरांत चिकित्सीय देखरेख में ढीला टांका लगाया जा सकता है।

### कब-कब लगेगा टीका?

वर्तमान गाइडलाइन के अनुसार एंटी रेबीज वैक्सीन को इंट्रेडर्मल दोनों हाथों में ऊपर की तरफ डेल्टॉयड एरिया में इंट्रा डर्मल दिया जाता है, जिसका दिन 0, 3, 7, 28 निर्धारित है। हालांकि इम्यूनो कंप्रेस्ड मरीजों में intra muscular (मांस में)का दिवस 0, 3, 7,14, 28 निर्धारित है। जो लोग वैक्सीन का अनुसंधान कर रहे हैं या ऐसे एरिया में काम करते हैं, जहां पर इस वैक्सीन के होने की संभावना ज्यादा है उन्हें जानवर काटने के पूर्व भी अपना वैक्सीनेशन करा लेना चाहिए।

## कांग्रेसियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के घर पर लिखा- गद्दार




**आगरा (एजेंसी/चिंगारी)।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर यूपी में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए हैं। आगरा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने ज्ञानेश कुमार के घर पर कालिख पोती और लिखा- 'ज्ञानेश कुमार गद्दार, वोट चोर'। लखनऊ में चुनाव आयोग कार्यालय का घेराव करने जा रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को पुलिस ने रोका तो वे भिड़ गए। कार्यकर्ता बैरिकेडिंग पर चढ़ गए। जमकर धक्का-मुक्की हुई। पुलिसकर्मियों ने हटाने की कोशिश की तो कार्यकर्ता सड़क पर लेट गए। पुलिसवालों ने उन्हें टांगकर वैन-बस में बैठाया और ईको गार्डन ले गए। वहीं, काशी में कांग्रेसियों ने मुख्य चुनाव आयुक्त के पोस्टर को जूतों से पीटा। महिला कार्यकर्ताओं ने चूड़ियां लेकर प्रदर्शन किया।

## संगठन के प्रति निष्ठा और लगन पर भाकियू भानु ने शाद को किया सम्मानित



**बिजनौर (चिंगारी)।** भारतीय किसान यूनियन (भानु) की ओर से संगठन को मजबूत करने और कार्यकर्ताओं की सक्रियता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष अचर शर्मा एवं युवा जिला अध्यक्ष विकुल चौधरी ने मौ. शाद को युवा तहसील अध्यक्ष, छात्र मोर्चा के पद पर नियुक्त किए जाने पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। पदाधिकारियों ने कहा कि मौ. शाद की संगठन के प्रति निष्ठा, लगन और सक्रियता को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को आगे बढ़ाने के साथ ही युवाओं को संगठन से जोड़ने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर नावेद अख्तर, युवा मोर्चा जिला महासचिव के साथ जुनैद, मौ. ईशाक, मौ. तालिब, फराज अहमद, मौ. शरीक और अंसफ सहित कई लोगों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने सभी नये सदस्यों का स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस दौरान इंतजार शेख सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

# आगामी चुनाव के लिए कांग्रेस के पास प्रत्याशी तक नहीं-शैलेन्द्र रावत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** महापौर शैलेंद्र सिंह रावत ने कहा कि साल 2027 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सत्ता में आती नजर नहीं आ रही है। वहीं, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के जनहित के मुद्दों को जनता स्वीकार कर रही है। कहा कि कांग्रेस का जनता से संपर्क और संवाद पूरी तरह कमजोर हो चुका है। कोटद्वार, यमकेश्वर और लैंसडौन में कांग्रेस के पास प्रत्याशी तक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर पर विपक्ष के आरोप कतई निराधार हैं और वह जनता में भ्रम फैलाने का विफल प्रयास कर रही है। तीलू रौतेली चौक स्थित एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता में मेयर शैलेंद्र सिंह रावत ने एसआईआर को लेकर कांग्रेस और उसके गठबंधन के दलों पर देश का शांतिपूर्ण वातावरण दूषित करने का प्रयास करने का आरोप लगाया। कहा कि विपक्ष झूठ, सनसनी और भ्रम फैलाकर संवैधानिक संस्थाओं की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहा है। निर्वाचन आयोग के एसआईआर समेत अन्य फैसलों पर सवाल उठाना विपक्ष की हताशा का प्रतीक है। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष राजगौरव नौटियाल, गोसेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेंद्र अणथ्वाल, दर्जाधारी ऋषि कंडवाल, सुमन कोटनाला, विकासदीप मित्तल, नवनीत राजपूत मौजूद रहे।



पत्रकारों से वार्ता करते हुए मेयर शैलेन्द्र रावत।

## कांग्रेस ने करके प्रदर्शन, सीईसी का पुतला किया दहन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत निर्वाचन आयोग के भीतर हुई 'वोट चोरी' एवं मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार द्वारा की गई अनियमितताओं के विरोध में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त का पुतला भी दहन किया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त की तत्काल गिरफ्तारी एवं इस्तीफे की मांग उठाई। साथ ही उनके कार्यकाल में लिए गए एकतरफा निर्णयों एवं मतदाता सूची में किए गए बदलावों की व्यापक एवं स्वतंत्र समीक्षा की मांग करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव प्रक्रिया अत्यंत आवश्यक है और कांग्रेस जनहित से जुड़े इन मुद्दों को लेकर लगातार आवाज उठाती रहेगी। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन करने वालों में महानगर अध्यक्ष मीना बछुवाण, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गीता नेगी, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, जिला अध्यक्ष विकास नेगी, धीरेंद्र बिष्ट, साबर सिंह नेगी, गणेश नेगी और लक्ष्मी नेगी सहित कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे।

## अराइज कम्प्यूटर्स की उपलब्धियों को बताया बैस्ट हंड्रेड में अपना नाम शामिल कराया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** कोटद्वार के अराइज कम्प्यूटर्स संस्थान ने राष्ट्रीय स्तर पर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। डिजिटल इनफॉर्मेशन टेक्नोलोजी एंड रिसर्च फार प्रोफेशनल्स संस्थान की ओर से कुछ दिन पूर्व मुंबई में आयोजित इंडियाज बेस्ट हंड्रेड इंस्टीट्यूट अवार्ड शो 2026 में अराइज कम्प्यूटर्स को भारत के टाप सौ कम्प्यूटर शिक्षण संस्थानों में शामिल करने संबंधी प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। इस उपलब्धि के लिए संस्थान के संचालक आशीष गोनियाल को सम्मानित किया गया। संस्थान के तरूण इष्टवाल ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस समारोह में देश के 16 राज्यों से आए संस्थानों एवं प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर आशीष गोनियाल ने उत्तराखंड के कोटद्वार का प्रतिनिधित्व करते हुए अराइज कम्प्यूटर्स की उपलब्धि को राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। बताया कि अराइज कम्प्यूटर्स द्वारा कोटद्वार में विद्यार्थियों एवं युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा, डिजिटल कौशल, तकनीकी प्रशिक्षण एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। संस्थान का भारत के टाप सौ इन्स्टीट्यूट में शामिल होना कोटद्वार और पूरे उत्तराखंड के लिए गौरव का विषय है।

## तीसरे बच्चे को जन्म दें, 50 हजार रुपये लें!

### माहेश्वरी सभा का निर्णय

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** माहेश्वरी सभा जनपद बिजनौर की बैठक में कोटद्वार निवासी गोविंद लड्डा को जिला अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर समाज की घटती संख्या बल को संतुलित करने हेतु तीसरे बच्चे को जन्म देने वाले दंपति को 50,000 की धनराशि प्रदान किए जाने का निर्णय लिया गया। माहेश्वरी जिला सभा बिजनौर के अंतर्गत आठ नगर आते हैं जिनमें कोटद्वार भी शामिल हैं। कार्यकारिणी की बैठक में सभी नगरों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में समाजहित में कार्य करने का निर्णय लिया गया। यह भी निर्णय लिया गया कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को उपचार के लिए सभा 100000 रुपये मुहैया करायेगी। इसके अलावा समय-समय पर हेल्थ कैंप आयोजित करने, स्कूली बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में माहेश्वरी समाज की घटती संख्या को संतुलित करने के लिए निर्णय लिया गया कि जो दंपति तीसरे बच्चे को जन्म देगा उसको 50 हजार की धनराशि मुहिया कराई जाएगी। बैठक में प्रांतीय सचिव शिवकुमार माहेश्वरी नजीबाबाद समेत सभी आठ नगरों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।



## गैरसैंण में होगा विधानसभा सत्र!

**देहरादून ( चिंगारी )।** गैरसैंण में विधानसभा सत्र आयोजित किए जाने की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, सत्र का अंतिम स्थान और तारीख अभी आधिकारिक रूप से तय नहीं हुई है। मीडिया रिपोर्टों में गैरसैंण को संभावित स्थल बताया गया है।

बताया जा रहा है कि सत्र को लेकर निर्णय लेने के लिए कैबिनेट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अधिकृत किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 28 अक्टूबर तक विधानसभा का सत्र कराया जाना है और इसके लिए जल्द बैठक की जाएगी। उन्होंने कहा कि कैबिनेट की बैठक भी प्रस्तावित है और उसके बाद सत्र की तारीख एवं स्थान को लेकर निर्णय लिया जाएगा।

गैरसैंण में सत्र आयोजित होने की स्थिति में यह इस साल का दूसरा विधानसभा सत्र होगा। इससे पहले 9 से 13 मार्च 2026 तक विधानसभा का बजट सत्र भराड़ीसैंण, गैरसैंण में आयोजित हुआ था। उत्तराखंड में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित हैं। ऐसे में गैरसैंण में विधानसभा सत्र आयोजित किए जाने की संभावित चर्चा को राजनीतिक दृष्टि से भी देखा जा रहा है। हालांकि, इसे लेकर सरकार की ओर से अभी यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि सत्र का आयोजन गैरसैंण में ही होगा। मुख्यमंत्री के मुताबिक अंतिम निर्णय आगामी कैबिनेट बैठक और संबंधित तैयारियों के बाद लिया जाएगा। ऐसे में अब नजर इस बात पर है कि सरकार विधानसभा के आगामी सत्र के लिए गैरसैंण को चुनती है या किसी अन्य स्थान पर सत्र आयोजित करने का फैसला करती है।

चिंगारी
कोटद्वार में समाचार एवं विज्ञापन देने के लिए सम्पर्क करें।
शराफत अली पत्रकार
मो. 9412922231, 7417871942

## चारधाम यात्रा में 53.23 लाख श्रद्धालु पहुंचे



व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सीएम धामी।

**देहरादून ( चिंगारी )।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और स्वच्छता को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने चारधाम समेत प्रदेश के प्रमुख धार्मिक एवं पर्यटन स्थलों के लिए स्थायी सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लान तैयार करने को कहा है। सरकार के मुताबिक इस यात्रा सीजन में अब तक 53 लाख 23 हजार 401 श्रद्धालु चारधाम के दर्शन कर चुके हैं। चारधाम के आंकड़ों के अनुसार बदरीनाथ धाम में 18.10 लाख, केदारनाथ में 15.57 लाख, गंगोत्री में 8.41 लाख और यमुनोत्री में 7.5 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। गंगोत्री और बदरीनाथ में इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या नए रिकॉर्ड के स्तर तक पहुंची है।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# पीओके के लोग बोले-हमें भारत का रास्ता दो, तारबंदी हटाओ!

## 115 दिन से जारी 'आज़ादी आंदोलन' तेज

**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पीओके में आजादी की आवाजें तेज हो गई हैं। नियंत्रण रेखा से लगभग 7 किमी. दूर मंधोल में 25 हजार लोग इसके लिए प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि हम भारत से मिलना चाहते हैं। पाक पीएम शहबाज शरीफ और आर्मी चीफ आसिम मुनीर के खिलाफ नारे गूंज रहे हैं। जॉइंट अवामी लीग के नेताओं ने ऐलान किया है कि पाक सरकार को पुंछ और मेंढर का रास्ता खोलना होगा। ये रास्ता भारत की ओर जाता है। पांच जून से पीओके में जारी आंदोलन के 115वें दिन सोमवार को मंधोल के इलाके में खासी गहमागहमी रही। पीओके के मुजफ्फराबाद से लोग एलओसी के पास जमा होने लगे। एलओसी पर लोगों का हुजूम रोज बढ़ रहा है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पाकिस्तान ने बरसों तक उनके हकों को दबाया है, लेकिन अब इंतेहा हो चुकी है। फैसला होकर रहेगा। वहीं, पाकिस्तानी सरकार ने प्रदर्शनों के कारण पीओके की सप्लाई लाइन काट दी है। लोगों के पास आटा और खाने का सामान नहीं है। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई की डाला ब्रिगेड यानी वो जीपें जिनमें लोगों को गिरफ्तार कर डाला जाता था, वो अब फेल हो रही हैं। हालात ये हो गए हैं कि आईएसआई के एजेंट इन्हें लेकर जाने से घबराने लगे हैं। पीओके के प्रदर्शनकारी इन पर पथराव करते हैं। पाकिस्तान के लिए पीओके को कब्जे में रखना बेहद जरूरी है। आर्मी चीफ मुनीर इसके लिए गुपचुप पीओके में अपने फौजियों को भेज रहे हैं। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत पाक आर्मी अपने सैनिकों को पीओके में प्रदर्शनकारियों के खिलाफ नहीं उतार सकती है।







दुकान बिकाऊ है

एक दुकान दो मंजिला 15X17 शिवाजी मार्केट, निकट बाबा प्लाजा बिजनौर में बिकाऊ है। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें-
मो. 9058092186




अनुभवी लड़के की आवश्यकता है

एडवरटाइजिंग एजेंसी को मार्केटिंग हेतु एक अनुभवी एवं नजीबाबाद निवासी लड़के की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार दिया जाएगा।
यूजी मीडिया
8869085400, 9639264946




